Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017 RNI No. CHABIL/2000/3469



दीन बन्धु सर छोटूराम

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

# जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

o"k 14 vd 10 30 vDrcj 2015 eY; 5 #i;

प्रधान की कलम से

## ONE RANK ONE PENSION (OPOP) RESTORATION OF IZZAT OF THE ARMED FORCES.

*(Contributed by Col.(Rtd.) J. S. Jodha, A Veteran & Hero of 1971 War)*



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

*Chankya once said that if the Nation is at peace and the citizens are sleeping peacefully it can be inferred that the guardians of the Nation (Armed Forces) are alert and performing their duties with utmost diligence, loyalty and sincerity. Thus, political executive and military leadership as well as Govt. have to ensure that Honour, Velour, Welfare and comforts of the men whom they once commanded/ commanding should always come first and every time. These guardians of the nation are the veterans of tomorrow who retired into the civil society and forced to remind the government of their long delayed legitimate rights (overdue for the past 43 years), means that the seeds of dissension/insecurity compromising National Security have been sown. Similar sentiments were echoed by late Badshah Bahadur Shah Jafar who noted the internal rising anger of armed forces leading to 1857 revolt. He said that it was not Shah of Iran or Russia who engineered the destruction of Britishers, it was this revolt which forced their ouster at a much later date.*

*Similarly, if the present impasse is not attended to it is possible that neither China or Pakistan will destabilize the armed forces but India itself will destroy the very fabric of such a unique, strong and secular force functioning with great efficiency without any discrimination. Hindu, Muslim Sikh Ishai (Christian) veterans all across the country stand united as one in their fight for OROP at Jantra Mantra. Conflict/ Wars of 1947, 1962, 1965, 1971, Sri Lanka operations, Operation Blue Star, Kargil and ongoing external and internal threat in J & K East bears testimony to the fact that the Armed Forces always stood by and fought for national integrity and sovereignty at a great sacrifice. These are the very veterans who are now long deprived off their legitimate rights of OROP.*

*During 1947 halting the victorious advance of the armed forces. Was a political blunder. Later the then Prime Minister's suggestions to convert the Armed Forces into a police constabulary was illogical. In 1962 confronting the Chinese aggression in an ill prepared manner was another ill-conceived decision. It proved costly to the Nation. It is well known that the army fought ill-clad and ill-equipped at high altitude battling snow and low temperatures. In spite of being handicapped the forces fought with resistance and checked the advancing Chinese. It was achieved at the cost of a very high casually rate. Similarly, Armed Wars of 1965, 1971 and that of Kargil were fought very well by the Military Leadership and gallant soldiers in-spite of indecisiveness and confusion created by political executive at times.*



*The trend of faulty political decisions made from time to time has also creped into other important matters of pay and allowances and lowering the status of the Armed Forces. On Oct 12/13, 2015 a serving Colonel of Army Jugde Advocate General's Branch has also filed a petition before Armed Forces Tribunal (AFT) and demanded a pay parity with IAS & other Civil Services. He had further mentioned that non-grant of the NFU has already amounted to lowering the status of Armed Forces since Independence apart from being violative of Articles 14 & 16 of the Constitution.*

*The Government has chosen since 1947 to belittle the sacrifices of the serving soldiers tinkering firstly with their IZZAT by lowering their status and secondly lowering the pay and allowances which has a direct bearing on the pensions. The process started way back but it became more obvious from 1973onwards. There was a systematic degradation of the Armed Forces engineered by the bureaucracy with the blessings of the political class.*

'k"k i t&2 i j

**'k"k i!t &1**

*Armed forces is one of the chief instrument in projecting national power and is very amply demonstrated by USA, China, Russia, U.K, Germany, Japan, Pakistan, Australia and so on.*

*Interestingly none of the above mentioned countries is facing the problem of OROP. OROP is fixed in various countries as under:-*

| | Country | Percentage | Remarks |
|---|---|---|---|
| (a) | USA | 50 to 100% | of the last |
| (b) | Australia | 85% | gross pay drawn |
| (c) | France, Germany & Sri Lanka | 75% | |
| (d) | Japan | 70% | |
| (e) | Malasia | 60% | |
| (f) | Pakistan | 50 to 75% | |

*In India OROP or same pension for same rank, for same length of service irrespective of the date of retirement was the basis of determining the pension and benefits of Indian Armed Forces till 1973, when it was terminated by Ministry of Defense (MOD) in an 'exparte' decision during the tenure of Late PM Smt. Indira Gandhi.*

*The termination of OROP and drastic decrease in Armed Forces soldiers' pension from 70 to 37% of the last pay drawn, two years after 1971 Bangladesh War caused disquiet in the Indian Armed Forces and since 2008 has been cause of public appeals, protests and hunger strikes by Armed Forces Veterans, the overwhelming majority of whose retire before 40 yrs of age on the overage.*

*Against the background of four decades of unsuccessful attempts by Armed Forces veteran's for implementation of OROP, U.P.A. Government in 2008, granted OROP to present and future servants in perpetually at the apex pay grade of (Rs. 80000/-), the highest pay grade at which majority of the officials of IAS, IPS & other Central Civil Services In contrast to near 100% apex OROP coverage to past and future retirees from the civil services, including majority of civil officers in MOD responsible to providing secretarial logistic and rear area services to the Armed Forces. Only a fraction of one percent of the Armed Forces officers, as hedge against their opposition to the scheme were provided coverage under the 'Apex-OROP-2008.*

*Apex OROP was accompanied by two other radical decisions in 2008. Firstly grant of Non Functional Upgrade (NFU) to all Civil Services including the Indian Police Service. Secondly creation of several hundred new posts of secretaries and special secretaries at the apex grade pay level so as to make almost all civil and police officers eligible for apex scale OROP pensions. NFU was not extended to Armed Forces.*

*These decisions, which increased the pay-pension gap between Armed Forces and Civil Officials, and sharply downgraded highly selective Armed Forces pay grades and ranks across the board, most significantly at the senior ranks of Colonel to Major General and their equivalents in the Indian Navy and the Indian Air force were widely resented by 'Armed Forces'. It lowered their status as there was no pay party.*

*At a glance comparison of Armed Forces soldier vis-a-vis Central Armed Police Constable compiled by Brig. R. Vinayak, VSM (Retd.) is as under:-*

| CRITERIA | MILITARY SOLDIER | CAPF CONSTABLE | REMARKS |
|---|---|---|---|
| Maximum Service (yrs) | 17 | 17 | Entry age 20 yrs |
| Retirement (yrs) | 35-37 yrs | 57 | |
| Time Scale Up gradation (yrs) | 8-16-24 | 6-12-19 | |
| Pension (Rs.) | 7600 (Today)+DA | 72,900*+DA | After two CPCs (8100x3x3=72900) |
| Leave Encashment (Rs.) | 1,13,600 | 10,13,750* | |
| Terminal Benefit (300 days) Special Force Allowances/ Rs. Anti Naval duties | 800 | 7200 | |
| Double House Rent | Not Applicable (NA) | Granted | |
| Detachment Allowance | NA | 300 day | |

*It shows of great injustice because the Armed Forces operates for countering external threats and also for internal threats. Besides, it also acts in aid to civil authorities during floods, earthquakes, cloud burst incidents of Kedarnath and bore well rescue where the civil authorities fail to perform. All these actions by the Armed Forces are forgotten by the government when it comes to fixing their pay and pensions. Veterans of Armed Forces continued to remain on hunger strike at Jantra Mantra in a peaceful and disciplined manner in-spite of facing the brutal use of force used by cruel hands of Delhi Police.*

*Hence, there is a permanent need to solve this tussle over pay emoluments and retired benefits so that our armed forces are left free to confront enemies of the Nation with a free mind, otherwise also we have to maintain transparency in our efforts as the nation cannot afford to face an unnecessary civil-military confrontations. Thus, initiative has to come from political executive which happens to be the real boss of our Armed Forces instead of the civil bureaucracy. The country requires superb military power along with the best of civil and police services. It is an established fact that the Government of the day has to maintain the balance and has to ensure the barest minimum differences pertaining matters relating to conditions of service of military and civil/police services.*

*However, at times this difference becomes unbearable when the military top brass see that IPS batches of 1981, 1987 and 1994 wear the badges of 3 star, 2 star and one star Generals, whereas in Army corresponding ranks of Army are of the batches of 1972, 1975 and 1979 indicating a difference of 10-15 years. As regards the IAS, the difference is alarming.*

*Further, the Armed Forces have only one rare profession whereas one joined at the bottom level of 2nd Lieutenant. On the other hand variations in the carrier are unlimited as IAS officers are jacks of all trades but master of none, whereas they keep on shifting from civil aviation to Animal Husbandry and thereon to fertilizer and steel etc. and even to defense. Further, it takes 18-20 years to become a Colonel, whereas IAS officer reaches the higher grade of Joint Secretary during this band of service and the same is considered equivalent to Major General. The Colonel retires at the age of 54 year and even babu from peon to Secretary at 60 year in all services of the government of India. So much so, that the Cabinet Secretary and other IAS officers appointed on constitutional appointments after superannuation like Chief Election Commissioner of India, Controller and Auditor General of India, CVC continue to enjoy the perks and power up to the age of 65 years.*

*In addition, there is one national necessity that the political class must become more serious on matters relating to the Armed Forces and such matters should not be left at the mercy of the civil servants who frequently play their own little war games. At the Ministerial level there are some very specialized departments e.g. Finance, Railways, Security (Home), Foreign and Defense where split second decisions are necessary. It is always possible to find Netas savy in Finance, Foreign relations and railways. Security has been addressed in getting a former IPS Officer as NSA at the level of MOs which is absolutely illogical. It is time that a professional is brought into the Defense Ministry as MOs preferable from the Army a retiree/serving who has an experience of both external and Internal threats. Of course the loudest objections will come from the babus and also from Police/Paramilitary Forces. The Netas must realize that a divide and rule policy can't work where the countries security is concerned. Recall 1962, the Government must not use the policy to quietly prop up Civil/paramilitary forces/police etc. to scuttle the demand of the OROP. It will be dangerous and contrary to national interest.*

*Even after the Supreme Court ruling and ratification by the Parliament twice the ruling government is tying to dilute the OROP request or may scuttle the issue on one pretext or the other. The political class has taken advantage of the unquestionable discipline of the Armed Forces. It never occurred to the Armed Forces to question the political class and the bureaucracy of their demeaning ways causing systematic degradation of the Armed Forces. But now the divide and disgruntlement is very evident for all to see. It has frustrated the veterans and possibly the Armed Forces as today's serving are the veterans of tomorrow.*

*The OROP request is actually not an agitation, dharna or trade union tactics to get ones legitimate requirement fulfilled. It is a right long overdue for 43 years. As Jantra Mantra one felt that honesty was fighting. The government must take notice of this impasse by implementing OROP in its entirety with complete fairness. They must also remember that the serving soldiers of today are the veterans of tomorrow and are demanding their legitimate rights. Besides, the veterans have their kith and kin serving in the Armed Forces and will definitely impress them and its effect will be damaging for the Nation. The government's right attitude will attract and motivate the youth to serve the Country by joining the Armed Forces for the sake of a strong India. Any contrary decision is bound to have a lifelong effect for which Government is to be squarely blamed and solely responsible.*

***Ex-Major Dr. M. S. Malik**, IPS (Rtd)*
*Former D.G.P. Haryana,*
*President, Jat Sabha Chandigarh & that of*
*Akhil Bhartiya Shaheed Samman Sanghrash Samiti.*

# स्वतंत्रता संघर्ष का स्वर्णिम अध्यायः भारत छोड़ो आंदोलन 'करो या मरो' का महामंत्र रंग लाया

-डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया,
पूर्व सांसद, जयपुर

प्रोफेसर बिपिन चन्द्र के अनुसार 'भारत छोड़ो आंदोलन (अगस्त–क्रांति)' भारतीय जनता की वीरता और लड़ाकूपन की अद्वितीय मिसाल है। उसका दमन भी उतनी ही पाशविक और अभूतपूर्व था। मार्च–अप्रैल 1942 में, ब्रिटिश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्टैफोर्ड क्रिप्स के मिशन की विफलता से, भारतीय जनता की निराशा और क्षोभ की सीमा न रही। क्रिप्स मिशन ने, पूर्ण स्वाधीनता के स्थान पर 'डोमिनियन राज्य' का विकल्प सुझाया था। इस 'लौलीपोप' को कांग्रेस ने स्वीकार नहीं किया। उस समय युद्ध में, दक्षिण–पूर्व एशिया से ब्रिटेन पीछे हट रहा था, सिंगापुर और रंगून पर जापान का कब्जा हो गया था। कलकत्ता पर बम गिराए जाने लगे थे, मलाया और बर्मा को अंग्रेजों ने खाली कर दिया था। परिणामस्वरूप, ब्रिटिश शासन में, जनसाधारण की आस्था डगमगाने लगी थी। अनाज की जमाखोरी से, जनता भूखों मरने लगी थी। गांधीजी को लगने लगा था कि संघर्ष अनिवार्य है और देर करना उचित नहीं। उनके प्रस्ताव, 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' पर, कांग्रेस कार्यसमिति ने 14 जुलाई 1942 को वर्धा में संघर्ष के निर्णय को स्वीकृति दे दी। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में अगस्त में इस प्रस्ताव का अनुमोदन होना था। तिलक निर्वाण–दिवस (1 अगस्त) पर जवाहरलाल नेहरू ने घोषणा की, 'संघर्ष निरंतर संघर्ष! मेरा यही उत्तर है एमरी–क्रिप्स को।'

8 अगस्त 1942 को एक ऐतिहासिक सभा बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा देते हुए उद्‌बोधन किया, 'एक मंत्र है, छोटा–सा मंत्र है, जो मैं आपको देता हूं। उसे, आप अपने हृदय में अंकित कर सकते हैं और अपनी सांस–सांस द्वारा व्यक्त कर सकते हैं। वह मंत्र है, 'करो या मरो।' या तो हम भारत को आजाद कराएंगे या इस कोशिश में जान दे देंगे। अपनी गुलामी का स्थायित्व देखने के लिए, हम जिंदा नहीं रहेंगे।' भाषण में सबसे पहले उन्होंने स्पष्ट किया कि 'असली संघर्ष इसी क्षण में शुरू नहीं हो रहा है। आपने सिर्फ अपना फैसला करने का संपूर्ण अधिकार मुझे सौंपा है। अब मैं वायसराय से मिलूंगा और उनसे कहूंगा कि वे कांग्रेस का प्रस्ताव स्वीकार कर लें। इसमें दो या तीन हते लग जायेंगे। इतना आप निश्चित जान लें कि मैं आजादी से कम किसी भी चीज से संतुष्ट होने वाला नहीं।' सभा में उमड़ते जन समुद्र पर गांधी जी के भाषण का बिजली जैसा असर हुआ। जनता का उत्साह हिलोरे लेने लगा, जय–जयकार होने लगी। भाषण में, विभिन्न वर्गों को स्पष्ट निर्देश दिये गये थे। छात्र पढ़ाई छोड़ें। किसान कर न दें, मालगुजारी न दें। सैनिक, अपने देशवासियों पर गोली चलाने से इंकार कर दें। राजा–महाराजा, भारतीय जनता की प्रभुसत्ता स्वीकार करें। जमींदारी प्रथा खत्म हो। गांधीजी की हरावल में जन समुदाय भी हर कुर्बानी करने को आतुर था।

इससे पहले कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव औपचारिक रूप से पारित करें, गिरतारी और दमन के आदेश रातो–रात जारी हो गये। वायसराय लिनलिथगो ने गांधीजी के भाषण को 'युद्ध घोषणा' माना। 9 अगस्त के सूर्योदय से पहले ही बापू सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को गिरतार करके अज्ञात स्थानों पर भेज दिया गया। युद्ध की आड़ लेकर, सरकार ने अपने को सख्त–से–सख्त कानूनों से लैस कर लिया था, जिनका इस आंदोलन के कुचलने के लिए बेरहमी से प्रयोग किया गया। सरकार के इस अनपेक्षित हमले से देशभर में तूफान–सा आ गया। ग्वालिया टैंक में पुनः आयोजित सभा में लाखों लोग उमड़ पड़े। अरुणा आसफ अली ने तिरंगा फहराया और जमींदोज हो गई। नेताओं की जगह, जाबांज उत्साही युवकों, मजदूरों, किसानों और विद्यार्थियों ने ले ली। जनता ने खुलेआम विद्रोह कर दिया। गांवों में, शहरों में, कारखानों में, फैक्ट्रियों में, स्कूलों में, समाज के हर तबके में, स्वयंस्फूर्त स्थानीय नेतृत्व उभर आया। प्रांतीय तथा स्थानीय स्तर के नेता, जो गिरतार होने से बच गये थे, अपने–अपने इलाकों में जाकर, प्रतिरोधात्मक गतिविधियों का संचालन करने लगे। बाद में, आंदोलन की बागडोर, अच्युत पटवर्धन, अरुणा आसफ अली, राममनोहर लोहिया, सुचेता कृपलानी, छोटूभाई पुराणिक, बीजू पटनायक, आर.पी. गोयनका, जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने संभाल ली। उषा मेहता और लोहिया बंबई शहर से 'कांग्रेस रेडियो' का गुप्त संचालन करते रहे। 9 अगस्त को, बंबई में हड़ताल रही, पूना और अहमदाबाद में भी यही हुआ। सरकार से जनता का टकराव हुआ। 10 अगस्त को दिल्ली, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, पटना आदि शहरों में हड़ताल रही तथा बड़े–बड़े जुलूस निकले। सरकार ने प्रेस का गला घोंट दिया। बहुत–से अखबार, कुछ समय के लिए बंद रहे। 'नेशनल हेराल्ड' और 'हरिजन' पर ताला लग गया। परंतु, सैकड़ों गैर–कानूनी पत्रिकाएं भी देश भर में निकलती रहीं। अहमदाबाद के कारखाने साढ़े तीन महीने तक बंद रहे, बंबई में एक सप्ताह और जमशेदपुर में 13 दिन बंद रहा। मजदूरों ने आंदोलन में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

काशी विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांवों में अलख जगाई। उनके नारे थे– थाना जलाओ, स्टेशन फूंक दो, कचहरियों पर आक्रमण करो, पुल उड़ाओ, टेलीफोन–तार लाइनें काट दी। देहात में भी जैसे ही खबर पहुंचने लगी, तो वहां भी विद्रोह का

सिलसिला चल पड़ा, आग फैलती गई। जगह–जगह विशाल भीड़ ने सरकारी सत्ता के प्रतीकों पर आक्रमण किया, रेल पटरियां उखाड़ दी, सार्वजनिक भवनों पर तिरंगा फहराया, तहसीलों–जिला मुख्यालयों पर,सत्याग्रहियों ने गिरतारी भी दी। स्कूलों–कॉलेजों में हड़ताल हो गई। छात्रों ने जुलूस निकाले, गैर कानूनी परचे बांटे। रेलगाड़ियों पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। बिहार और यू.पी. में तो विद्रोह जैसा माहौल बन गया था। देश के कुछ हिस्सों में समानांतर सरकारों की स्थापना हुई। पहली ऐसी सरकार, बलिया में, चित्तू पांडे के नेतृत्व में बनी, जिसका पूर्ण प्रभुत्व एक सप्ताह तक चला। बंगाल के मिदनापुर जिले के तामलुक में 17 दिसंबर 1942 को 'जातीय सरकार' का गठन हुआ, जिसका अस्तित्व सितंबर 1944 तक रहा। महाराष्ट्र के सतारा में –प्रति सरकार' बनी, जिसके प्रमुख नेता वाई.बी. चव्हाण थे और यह 1945 तक कायम रही। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 9 से 16 अगस्त तक, 250 रेलवे स्टेशन, 500 डाकघर, 150 थानों पर हमले कर क्षति पहुंचाई गई। टेलीफोन तारों के कटने की हजारों घटनाएं हुईं। इस प्रकार जनता का यह खुला विद्रोह था।

9 अगस्त 1942, गांधीजी के 'करो या मरो' के ऐतिहासिक नारे के दिन देशभर में चेतना का जो प्रवाह बना, वैसा कभी देखने में नहीं आया। देश के हर कोने में बाल, युवा व वृद्ध कर गुजरने और मरने की तैयारी लेकर उठ खड़े हुए। हर कोई नेता बनकर स्वयं सवाल कर रहा था और उत्तर भी स्वयं खोज रहा था। पहला अवसर था जब आंदोलन की अगुवाई के लिए किसी नेता या बड़े आदमी की जरूरत नहीं थी। लाठी–गोली खाने और स्वयं को मिटा देने का संकल्प लेकर लाखों लोग सड़कों पर आ गए थे। एक साथ, एक ही समय में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा गूंज उठा। हिमाचल से कन्याकुमारी एक तिरंगा झंडा आन–बान और शान बन गया। 'वंदे मातरम्' अभिवादन हो गया। 1942 की 9 अगस्त का पहली बार देश में समलक्ष्य बना। सारे देश में आजादी की तड़प इतनी तीव्र बन गई कि सब कोई एक साथ खड़े हो गए। छोटे बच्चों के स्कूलों का बहिष्कार करना, 'इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम्' के साथ गांधीजी की जय, अंग्रेजों भारत छोड़ों के नारे लगाते हुए सड़कों पर आ जाना, लाठी और गोली के लिए तैयार रहना, यह बहुत बड़ी घटना थी।

अंग्रेजी सरकार द्वारा जनता पर जुल्म का कहर ढहाया गया, हवाईजहाज से मशीनगनें भी चलाई गईं, कोड़ों से पीटा गया, गांवों में आग लगाई गई, सामुहिक जुर्माना (कुल 90 लाख रुपये) वसूल किया गया। 1942 के अंत तक 60 हजार लोगों को गिरतार किया गया, 26 हजार लोगों को सजा दी गई और 18 हजार नागरिकों को भारत रक्षा नियमों के तहत बंद रखा गया। फायरिंग में कितने मरे, इसकी गिनती नहीं की। सरकार दमन और जुल्म से आहत होकर, 10 फरवरी 1943 को पूना के आगा खां पैलेस में नजरबंद गांधीजी ने 21 दिन का उपवास शुरु कर दिया। उपवास की खबर, जंगल में आग की तरह फैल गई। देशभर में हड़तालों, प्रदर्शनों, जुलूसों और जनसभाओं का तांता लग गया। सामूहिक उपवास हुए। लेकिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने एक शर्मनाक बयान दिया, ''हम एक कमबख्त बुढ़े के सामने कैसे झुक सकते हैं, जो हमेशा हमारा दुश्मन रहा है।'' वायसराय लार्ड वैवल ने भी वही लज्जाजनक राग अलापा और महात्मा के मौत का इंतजार करते हुए कहा, ''गांधी के न रहने पर, जो वर्षों से समझौता न होने देने के लिए हर कोशिश करता रहता है, समझौते की संभावना काफी बढ़ जायेगी।'' एक ओर तो पूरा देश गांधीजी की जान बचाने के लिए प्रार्थना कर रहा था और दूसरी ओर सरकार अंतिम संस्कार की तैयारी में जोर–शोर से मशगूल थी। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन की छुट्टी घोषित करने की भी योजना बन गई थी। परंतु, सरकार की बद–मुराद पूरी नहीं हुई। गांधीजी ने, हमेशा की तरह, अदम्य संजीवनी शक्ति का परिचय देते हुए, सरकार को मात दे दी और मरने से इंकार कर सरकारी इरादों पर पानी फेर दिया। गांधीजी के उपवास का उद्देश्य पूरा हुआ– जनसाधारण में अनोखे आत्मबल का संचार हुआ। सारी दुनिया के सामने सरकारी दमन का पर्दाफाश हुआ और विदेशी सरकार के मुंह पर कालिख पुत गई। आखिर, सरकार को झक मारकर, बीमारी के आधार पर गांधी को 6 मई 1944 को रिहा करना पड़ा।

1942 के 'भारत छोड़ो' ऐतिहासिक आंदोलन की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि इसके द्वारा आजादी की मांग, राष्ट्रीय आंदोलन की पहली मांग बन गई। अब पीछे कदम नहीं हटाया जा सकता था। इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पक्ष था, देश की आजादी के जंग में आम जनता की हिस्सेदारी तथा समर्थन। देशभर के युवा एवं किसान इस आंदोलन की जान थे। वास्तव में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को, आंदोलन की स्पष्ट रूप रेखा तय करने या आंदोलन की अगुवाई करने का अवसर ही नहीं मिला। इसी आशंका से, 8 अगस्त 1942 को, अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा पारित प्रस्ताव में स्पष्ट कहा गया था, 'एक ऐसा समय आ सकता है, जब निर्देश जारी करना संभव न हो सके या निर्देश लोगों तक पहुंच ही न सके या कोई कांग्रेस समिति कार्य न कर सके। अगर ऐसा होता है, तो प्रत्येक पुरुष और स्त्री को, जो इस आंदोलन में भाग ले रहा है... अपने काम का खुद ही फैसला करना होगा। हर भारतीय को, जो आजादी चाहता है और उसके लिए प्रयत्नशील है, अपना मार्गदर्शक खुद बनना होगा।' जनता समय की मांग पर खरी उतरी और औपचारिक नेतृत्व विहीन आंदोलन को स्वतः स्फूर्तता के बल पर चलाती रही। इसी दौरान, 21 अक्तूबर 1943 को सिंगापुर में सुभाषचंद्र बोस ने अस्थायी आजाद हिंद सरकार की स्थापना की। उधर 18 फरवरी 1944 को बंबई में नौ–सेना ने विद्रोह कर दिया था। इससे अंग्रेज सरकार और डर गई क्योंकि भारतीय सेना का विद्रोह उनके लिये विनाशकारी हो सकता था। इसके फलस्वरूप जनता भय मुक्त हो गई और इससे अंग्रेजी शासन की नींव हिल गई। महात्मा गांधी द्वारा वर्ष 1942 में घोषित 'अगस्त क्रांति' का धरती में सुप्त बीज, 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के स्वर्णिम प्रभात में पल्लवित हुआ। आखिर अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा।

# Dedicate Bhakra Dam to Kisan Messiah Chhotu Ram

Suraj Bhan Dahiya

*In the early part of the 20th century an English Superintending Engineer, Nicholson stumbled upon a plan to build a massive dam at a site of the Mountainous Bhakhra in the Punjab. This was conceived in such a way that it could irrigate the dry, arid and drought prone areas of the South-East Punjab and adjoining tract of Rajsthan for a number of years the whole plan gathered dust in the official files of the secretaries of the concerned departments namely the Finance and Irrigation and when none come forward to pursue it, it was sent to cold storage.*

*It was Ch. Chhotu Ram who had heard of some plan regarding irrigation of arid zone of Haryana Region when he entered the Punjab Council in 1923. He activated the plan. The scheme made much headway when he pursued it during the two years (1924-26) of his ministership. But after he was a mere member of the House he found his ministerial colleagues having developed cold feet.*

*Ch. Chhotu Ram talked to some of his agriculturist colleagues and was successful in enlisting their cooperation in the House on Bhakhra Plan. Once he rose to speak on the subject thus : "I may be allowed to come to a subject which has always occupied an abiding place in my heart, the Bhakhra Dam Project. I have just now spoken of the distressing economic conditions prevailing in the district of Hisar. I also stated that Gurgaon and Rohtak district were not much better. As a matter of fact, these three district in the Ambala Division have always been the prey of repeated famines and droughts. There districts are really speaking, economic plague spots in our province and of the Government is earnest about affording permanent relief to the inhabitants of this part of province, the only mechanism left with is to expedite the construction of the Bhakhra Dam Project. Four years ago this House passed a resolution unanimously in favorer of the project and the government accepted that resolution."*

*For the execution of the Project, the Punjab Government had to seek the Sanction of the Government of India and the Secretary of State. The requisite sanction could not be sought and the project could not be seen any where in sight, Consequently, some time later Choudhary Sahib moved a resolution in the House which read as follows:*

*"That this council recommends to the Government that vigorous attempts should be made to obtain the sanction of the Government of India and the Secretary of state for the execution of the Bhakhra Dam Project and actual execution of the Project should be taken in hand without avoid able delay as soon the requisite sanction has been obtained." (March 27, 1933)*

*After the resolution was adopted and accepted in the House Choudhary Sahib went on "First of all, I would like to say a few ward & about the history of the Bhakhra Dam Project. The site for constructing Dam in order to reserve the water of the Satluj for the purpose of irrigation was discovered as early as 25 years ago. The preliminary enquiry about the project was started in 1915. In 1919 the estimates were completed and the preliminary enquiry came to an end. The result of the enquiry was reported to the Government in a bulry volume. It was proposed this that the site should be 400 feet high. The area to be irrigated by the project was calculated to be 25 lakhs of acres and its total expanduture was estimated at Rs. 14,44,74,926. In 1925, the Government appointed Geologists to look into the feasibility of the Dam. On the recommendations of the experts, Mr. Nicholson was sent to America to study Dams. Mr. Wilay an expert in dam construction also visited from America to examine the Dam site of Bhakhra. He advised the Government to make a dam 500 feet in height instead of a dam 400 feet high. The government then indicated its willingness to take this scheme in hand. The estimates of expenditure were, therefore, revised and increased to Rs. 23,48,53,484 in 1926. and irrigation area to be covered was 47,50,000 acres, that is to say the area to be irrigated by the scheme almost doubled.*

*Many a time objections were raised that the scheme was unremunerative but it was Chhotu Ram's strenuous task to convince the government that the construction of the Bhakhra Dam was by all means a necessity for the drought prone districts of Rohtak, Hisar and Gurgaon. He wanted that the government should not think in terms of profit or loss but in terms of the welfare of the people. He even argued "I am really sorry to observe that our Government has in fact become a bania government. I am sure no government can effectively work on bania principles. God never intended governments to be always calculating, for in that case*



रत्नों से भरा रहने पर भी समुद्र महाविह्वल नहीं होता परंतु एकाध मोती या लेने से ही हाथी मदमस्त हो जाता है। –अज्ञात

*there would be very little difference between a bania's shop and government administration. I hope that the government will realise the force of my argument." Thus Choudhri Saheb had every bit of Bhakhra Dam history and all agonies of its delay in his heart. Choudhri Saheb joined the government in 1937 and since then the Bhakhra Dam Project remained in his head and heart. He crossed every hurdles came in the way of Bhakhra Dam's execution, be it Bilaspur state's destructions, bureaucratic redtapism, or congressmen's false propaganda against the Dam in Kangra district. Pamphlets were distributed, deprecatory poems were recited at public meetings and circulated among public, letters were addressed to the officer - commanding, Dogra Regiment, calling for intervention. No stone was left unturned by congress to mislead and excite people of kangra.*

*It is abundantly clear now that nothing could stop Chhotu Ram in making his dream true. Whether he was a Minister or simply a member of the council, he continued to pursue it with dogged perserunce. It would hardly be an exaggeration to say that he was the real founder of the Project. By 1944 much that was to be done to give it a final shape had been done. The Sind Government had filed a case of compensation of Rs. 6 crore with the Privy Council. Arrangement were made for prompt payment. The Raja of Bilaspur was creating last minute hurdle. An agreement was entered into with Raja and the matter came to close with the signing of document between Raja and Ch. Chhotu Ram. At last, the ailing Chaudhri Saheb signed the execution orders on January 8, 1945 at Shakti Bhawan from his bed with a smile* ''आज मैंने अपनी जीवन की सबसे प्यारी चीज के लिए हस्ताक्षर किये हैं।'' *Alas! the next day he left for his heavenly abode. One every stone used in the work of construction of the Dam there is thus manifest the spirit of the great leader- Chaudhri Chhotu Ram. What better monument could there be for him- as eternal and massive as his soul was? Bhakhra Dam- a living monument, undoubtedly, claims to name after the great leader, Kisan Messina Chhotu Ram, so as to perpetuate his memory as a source of inspiration and guidance for all generations to come. Monuments and memorials are built in gratitude and the peasantry today demands to dedicate the Bhakhra Dam to Deenbandhu with this epitaph.*

''ओ! दीनबंधु, किसान मसीहा,
ओ! भाखड़ा के भागीरथ भुवन।
ओ वंदीय! अभीनन्दनीय,
अर्पित तुम्हें सहस्त्र श्रृद्धासुमन।।

# वैवाहिक विज्ञापन

- *SM4 Jat Girl (DOB 13.12.86) 28.10/5'5" BCA., MCA, Employed as Lecturer in a reputed College at Sampla, Distt. Rohtak (Haryana). Avoid Gotras: Pawaria, Nandal, Ahlawat. Cont.: 09811658557, 09289822077*
- *SM4 Jat Girl 27./5'2" Employed as Assistant Professor (Permanent) in MCM DAV College Chandigarh. Avoid Gotras: Kaliraman, Dahiya, Cont.: 08699983183*
- *SM4 Jat Girl (DOB18-12-86) 28.10/5'4" MSc. Physics, M.Phil Physics Employed as Contractual Lecturer in a Govt. College, Chandigarh. Father in Government service. Avoid Gotras: Bhedas, Jatian. Cont.: 09991659094, 09416499094, E.mail: bimla1963@gmail.com*
- *SM4 Jat Girl 25.6./5'6" B.Sc. Hons. Math with Computer, M.Sc. Math Hons., from Punjab University Chandigarh. B.Ed., C.TAT, H.TAT cleared. Teaching in Bhawan Vidyalaya, Sector 15 Panchkula. Avoid Gotras: Rathi, Mann, Dhanda. Cont.: 09815253211*
- *SM4 Jat Girl (DOB January, 1988) 27.10/5'8" BCA, MCA Regular Employed as PGT in a reputed public School at Pinjore. Avoid Gotras: Khutela, Dagar, Agha. Cont.: 09416960173, 08607463118*
- *SM4 Convent educated Jat Girl 30.6/5'2" B.Tech. Employed as Manager in MNC with package of Rs. 13 lac P.A. Family settled in Panchkula. Avoid Gotras: Mor, Gehlawat. Cont.: 09988688762*
- *SM4 Jat Girl 24/5'1"+ B. Com, MBA Employed as Assistant Relation Manager in PNB Insurance. Pursuing P.O. Parents in Govt service. Family settled in Karnal. 17 Acre Land. Avoid Gotras: Malik, Lohan. Cont.: 09416850371, 09416203223*
- *SM4 Jat Girl 28/5'6" M.A Hons. B.Ed. Employed as Guest Lecturer in Govt. College, Panchkula. Family settled in Panchkula. Father working as Sub Divisional Engineer in HUDA. Brothers's own construction business. Avoid Gotras: Beniwal, Dabas, Sehrawat. Cont.: 09876944845, 09899294943*
- *SM4 Jat Girl (DOB 05.09.1991) 23.9/5'6" M.Tech. (CSE) Employed in a reputed University near Chandigarh. Avoid Gotras: Malik, Hooda, Rana. Cont.: 0172-2277177, 07696844991*
- *SM4 Jat Boy 26/5'11" B.Tech. from Kurukshetra University Employed in Tata Motors at Narela (Delhi) Father School Lecturer in Govt. Sr. Sec. School, Jind. Preferred well educated girl from NCR. Avoid Gotras: Kundu, Malik, Rathi. Cont.: 08950092430*
- *SM4 Jat Boy 25.6/6'1" MBA., Own Business. Own House & Commercial properity in Delhi. Father and mother Govt. Officers. Avoid Gotras: Dahiya, Khokhar. Cont.: 09876221778*
- *SM4 Jat Boy (DOB 21.04.90) 25.6/5'8" B. Tech. Working as Assistant in Haryana Civil Secretariat in Excise & Taxation Deptt. Only son, Father and mother Gazetted Officers in Haryana government. Avoid Gotras: Mor, Siwach, Singroha. Cont.: 09988701460, 09855126285, E. mail: satyavirmor@yahoo.com*
- *SM4 Jat Boy 26.9/5'7" M.C.A. Employed as Project Engineer in ORACLE Co. at Banglore with Rs. 7 Lac package PA. Avoid Gotras: Grewal, Antil, Dalal. Cont.: 09417629666*
- *SM4 convent educated Jat Boy 31/5'9" Post graduate from P.U. Protocol Officer in NABARD (Govt. of India Bank) Father retired Executive from PSU Bank and sister MBBS, MD doctor. Settled around Chandigarh. Avoid Gotras: Kundu, Gahlaut, Lohan. Cont.: 09888734404, 09466359345*



अतीत की चिंता मत करो उसे भूल जाओ। बीती हुई बात की चिंता करने से सुधार नहीं हो सकता। –जैम्स डगलस

# जाट आरक्षण की बाधाऐं

- राकेश सरोहा

यू.पी.ए. सरकार द्वारा जाटों को केन्द्रीय सेवाओं में दिये गये आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जबसे निरस्त किया गया है। तभी से जाट लैण्ड के जाट समाज में बेचनी बढती जा रही है जाट आरक्षण पर भाजपा सरकार द्वारा जमकर राजनीतिक प्रहार किये जा रहे हैं। कुरूक्षेत्र से भाजपा सांसद राजकुमार सैनी द्वारा जिस प्रकार आरक्षण की आड में जाटों को बदनाम किया जा रहा है तथा भाजपा हाईकमान द्वारा उस पर प्रतिबन्ध ना लगाना यह साबित करता है कि भाजपा सरकार राजकुमार सैनी के माध्यम से जाट बनाम गैर जाट का मुद्दा उठाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहती है। जिसका नुक्सान जाटों को उठाना पड़ रहा है। जाटों का आरक्षण पर हक बनता है या नहीं यह प्रश्न इतना महत्वपूर्ण नहीं है। जितना महत्वपूर्ण यह है कि भाजपा सरकार (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सरकार) अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने के लिए जाटों को मोहरा क्यों बना रही है। यदि इतिहास का अवलोकन किया जाये तो भाजपा ने सदैव ही धार्मिक भावनाओं को भडकाकर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रत्यन किया है तथा इस बार मोहरा जाटों को बनाया जा रहा है जिससे जाट लैण्ड में भाजपा के प्रति नाराजगी बढती जा रही है तथा जाटों को जाट आरक्षण के रद्द होने में अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का हाथ लग रहा है। यदि भाजपा सरकार न्यायालय में जाट आरक्षण की मजबूती से पैरवी करती तो जाट आरक्षण रद्द नहीं हो सकता था परन्तु अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गयी खेत। आज जाटों के लिए जाट आरक्षण को पुनः प्राप्त करना आसान नहीं है क्योंकि वर्तमान समय में परिस्थितियां उनके प्रतिकूल है तथा जाटों में जाट आरक्षण के आन्दोलन को को संगठित रूप से चलाने, आन्दोलन को कुशल नेतश्त्व प्रदान करने तथा आपसी एकता की सख्त कमी है । जबसे हार्दिक पटेल ने गुजरात में पटेल समुदाय के आरक्षण के लिए विशाल रैली की है तब से तो जाट आरक्षण आन्दोलन की हवा ही निकल गई है तथा ऐसा प्रतीत होता है कि आम जाट को जाट आरक्षण में कोई दिलचस्पी ही नहीं रह गयी है परन्तु इन सबके पश्चात भी जाटों को हौसला नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि उनकी सबसे बड़ी शक्ति उनका आत्म विश्वास है यह जाटों की विशेषता है कि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी घबराते नहीं है तथा दुश्मनों से जमकर टक्कर लेते है आज जाट आरक्षण के मुद्दे पर परिस्थितियां चाहे जाटों के खिलाफ है परन्त जाटों के पास आत्मविश्वास का भण्डार लबालब है जिस व्यक्ति के पास आत्म विश्वास होता है उसे दुनियां की कोई ताकत उसकी मंजिल प्राप्त करने से नहीं रोक सकती है। आज आवश्यकता है कि जाट एक जुट होकर जाट आरक्षण की बाधाओं का मंथन करे तथा उन बाधाओं को दुर करने की कुशल नीति बनाकर उसे अमली जामा पहनायें। वर्तमान समय में जाट आरक्षण की प्रमुख बाधायें इस प्रकार दिखायी देती है ।

1. **भाजपा सरकार :** जाट आरक्षण में सबसे बडी रूकावट भाजपा सरकार है। भाजपा की नीतियों के बारे में जाटों और भाजपा के बीच छतीस का आकड़ा रहा है । जाट मूल रूप में एक किसान जाति है तथा भाजपा की नीतियां वास्तविक धरातल पर किसान विरोधी है जिसके कारण जाट और भाजपा एक दूसरे को विरोधी मानते हैं दूसरा भाजपा पर आर.एस.एस. (ब्राह्मणवाद) का प्रभाव अधिक है तथा भाजपा स्वर्ण जातियों का प्रतिनिधित्व अधिक करती है जिसके कारण भी जाटों और भाजपा में वैचारिक तथा सैदांन्तिक मतभेद है। इस प्रकार भाजपा द्वारा जाटों का अपना विरोधी मानने से केन्द्रीय भाजपा सरकार जाट आरक्षण में सबसे बड़ी बाधा है उपरी तौर पर भाजपा जाटों के आरक्षण की पक्षधर है। परन्तु पर्दे के पीछे से भाजपा सरकार कई भाजपा सांसदों की जुबान से जाटों के आरक्षण की हवा निकल रही है तथा जाटों को हाशिये पर धकेल रही है। जिसका नुक्सान भाजपा को भविष्य में उठाना पड़ेगा। भाजपा सरकार के रूख में परिविर्तन करने के लिए सभी जाटों को भाजपा के जाट सांसदों तथा विधायकों का बहिष्कार करने की आवश्यकता है। ताकि ये सांसद तथा विधायक जाट समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे तथा भाजपा की केन्द्रीय सरकार पर जाटों को आरक्षण देने के लिए दबाव बनाये ।

2. **जाट संगठनों की निषक्रियता व जाट एकता की कमी –** जाट आरक्षण की एक ओर प्रमुख बाधा जाटों में एकता की कमी है तथा जाट शक्ति विभाजित है जिसके कारण जाट आरक्षण का आन्दोलन गति नहीं पकड़ पा रहा है। आज जाट विभिन्न राजनीति दलों में बटे हुए है तथा अपना राजनीतिकहित साधने के लिए ये जाट समाज के हित में एक नहीं हो पाते है जिसके कारण जाटों की फूट जग जाहिर है। जाटों को आरक्षण दिलवाने का वादा करने वाले बहुत से जाट संगठन तथा खाप संगठन भी अपने–अपने स्तर पर आन्दोलन चलाने का दावा नित्य प्रति समाचार पत्रों में करते रहते हैं परन्तु जमीनी स्तर पर कोई भी संगठन



वास्तव में घर को घर नहीं कहते, गृहिणी को ही घर कहते हैं। जिस घर में गृहणी न हो, वह वन के ही समान है। –महाभारत

5000 की भीड एकत्रित नहीं कर सकता । आन्दोलन करना तो दूर की बात है। डा. पवनजीत भनवाला, चौ0 यशपाल मलिक, चौ0 हवा सिंह सांगवान, चौ0 एच.पी. सिंह परिहार, कर्नल ओ.पी. सिन्धु आदि कई जाट नेताओं ने जाट आरक्षण की संघर्ष समितियां बना रखी है। परन्तु इन सभी नेताओं का अहम तथा राजनीतिक विचारधारा इन संगठनों के आपसी तालमेल में सबसे बड़ी बाधा है जिसके कारण आम जाट इन नेताओं के संगठनों से जुडने को तैयार नहीं। इसी प्रकार कई खाप नेता भी जाट आरक्षण के लिए आन्दोलन चलाने की घोषणा कर चुके हैं परन्तु पिछले लोकसभा चुनावों तथा हरियाणा विधानसभा चुनावों में कई खाप संगठनों के नेताओं ने विभिन्न राजनीतिक दलों को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी जिसके कारण इन खाप नेताओं पर भी आम जाट विश्वास करने को तैयार नहीं है । आम जाट को यही लगता है कि ये खाप तथा जाट संगठनों के नेता जाट आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने चाहते हैं। इसलिए इन खाप तथा संगठनों के नेताओं को चाहिए कि वे जाट आरक्षण के मुद्दे पर अपने–अपने अहम का त्याग करके आपस में समन्वय बिठाये तथा आम जाट को इस आन्दोलन से जोड़ने के लिए अपनी विश्वसनीयता बनाये उसके पश्चात संयुक्त होकर जाट आरक्षण आन्दोलन को प्रभावी रूप से गति प्रदान करें ।

3. **कुशल नेतश्त्व की कमी :** जाट आरक्षण के सफल आन्दोलन को सफल बनाने के लिए आन्दोलन को नेतश्त्व प्रदान करने के लिए एक कुशल सेनापति की सख्त आवश्यकता है जिसके अभाव में जाट आरक्षण आन्दोलन को सफल नहीं बनाया जा सकता, राजस्थान में कर्नल किरोड़ी मल बैसंला ने गुर्जर आन्दोलन को सफल नेतश्त्व प्रदान किया था उसी प्रकार गुजरात में हार्दिक पटेल, पटेल समुदाय के आरक्षण के लिए पटेलों की विशाल रैली आयोजित करने में सफल रहे हैं इसके विपरित जाट आरक्षण आन्दोलन अलग–2 रूप से बटा हुआ है तथा इस आन्दोलन को नेतश्त्व प्रदान करने के लिए अभी तक कोई सर्वमान्य नेता चुनने में जाट असफल रहे हैं जिसके कारण जाटों का आरक्षण आन्दोलन गति नहीं पकड़ पाया है । अलग–2 जाट संगठन अपनी ढफली अपना राग की तर्ज पर चल रहे हैं। जिसका फायदा जाट विरोधी शक्तियां उठा रही है। अब समय आ गया है कि जाट संगठनों के नेता अपने मतभेद भुलाकर जाट आरक्षण आन्दोलन की बागडोर किसी सर्वमान्य व गैरविवादित सामाजिक हस्ती को सोपें ताकि जाट आरक्षण को सही तथा आक्रमक रूप से चलाकर सरकार पर जाट आरक्षण को लागु करने का दबाव बनाया जा सके।

4. **जागृति की कमी –** जाट आरक्षण के रास्ते में आज आम जाट भी रूकावट बना हुआ है । वास्तविक धरातल पर आज अधिकतर जाट आरक्षण का लाभ तो प्राप्त करना चाहते है परन्तु सामाजिक रूप से अपने को पिछडा कहलाने को तैयार नहीं है यदि आज आम जाट अपने को पिछड़ा मानता तो जाट आरक्षण के आन्दोलन से दूरी ना बनता जाटों में आज भी अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए इच्छा शक्ति की कमी है। यदि आज जाट वास्तव में आरक्षण प्राप्त करना चाहता है तो उसे जाट आरक्षण के लिए आन्दोलन में बढ़चढ कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। जाट जागश्त होकर अपने झूठे अभिमान को त्यागकर अपनी वास्तविक स्थिति को पहचान कर तथा आरक्षण के अधिकार को प्राप्त करने के लिए अपने विरोधियों की इंट से इंट बजा दे अन्या वह दिन दूर नहीं जब जाट विकास के मामले में अन्तिम पायेदान पर होगा । यदि अब भी जाट जागश्त व संगठित नहीं होते हैं तो जाट विरोधी शक्तियां इनके अधिकारों पर डाका डालती रहेंगी ।

**राजनीतिक गलती**:– यू. पी. ए. की सरकार ने केन्द्रिय सेवाओं में जाटों को ओ.बी.सी. के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ देकर जाटों की वर्षो पुरानी मांग को पुरा किया था जिसमे चौ0 भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, चौ0 अजीत सिंह, कैप्टन अमेन्द्र सिंह तथा डा0 बलराम जाखड का विशेष सहयोग था तथा इस सबन्ध में जाटो को यू.पी.ए. सरकार का अहसान मानना चाहिए था परन्तु लोकसभा तथा हरियाणा के विधान सभा चुनावो में जाटों ने इसके विपरित आचरण किया तथा काग्रेंस के विरोध में तथा भाजपा के पक्ष में मतदान किया जिसका परिणाम यह निकला कि जाटों की राजनितिक छवि अहसान फरामोश की बन गई है तथा कोई भी राजनितिक दल इन पर विश्वास करने को तैयार नही है। भाजपा की केन्द्रिय सरकार को यह विश्वास नही है कि जाटों को आरक्षण का लाभ देने के पश्चात भी जाट उनके साथ जुड पाएगें। इस प्रकार जाटों की राजनितिक विश्वसनीय डामाडोल है जो कि जाट आरक्षण में बहुत बडी बाधा है यदि जाटों की यही नीति रही तो जाट आरक्षण तो दूर की बात जाटों की सता में से भागीदारी भी समाप्त हो जायेगी। इसलिए जाटों की अपनी राजनितिक विश्वसनीयता बनाने की सख्त आवश्यकता है। इस प्रकार वर्तमान परिस्थितियों में जाटों के लिए आरक्षण को पुनः प्राप्त करना आसान नही है। जाटों की अपनी गलतियां तथा जाट विरोधी शक्तियां जाट आरक्षण में प्रमुख बाधांए बनी हुई है। यदि जाट अपनी कमियो तथा गलतियों को दूर करके जाट शक्ति का सयूक्त प्रयोग करके किसी कुशल प्रतिनिधी के नेतृत्व में जाट आरक्षण का आन्दोलन प्रभावी रूप से चलाये तो जाट आरक्षण को पुनः प्राप्त किया जा सकता है।

# जाटों की उपाधियां

मनु महाराज से लेकर आज पर्यंत भी महापुरूष हुए हैं, समय–समय पर जो भी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक आंदोलन हुए हैं, उनमें जाटों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया है। महात्मा बुद्ध, शंकराचार्य, हजरत मुहम्मद, गुरु नानकदेव, महर्षि दयानंद को बड़ी संख्या में जाट शिष्य मिले। आर्य समाज में तो प्रायः सभी हिंदू जाट सम्मिलित हैं। ये ही गुरूकुल शिक्षा प्रणाली को सफल कराने में सबसे आगे हैं। जाट लोग समाज धर्म सुधार में सबसे आगे रहते हैं। मानव समाज सेवा के गुण और वीरता के कारण ही इन्हें भिन्न–भिन्न स्थानों पर प्रधान, चौधरी, ठाकुर, पटेल, सरदार, मिर्धा मलिक, फौजदार, राणा आदि नाम से सम्मान के साथ संबोधित किया जाता है। इन उपाधियों से भी जाटों की पहचान होती है। इनका संक्षेप में वर्णन निम्न प्रकार हैः–

1. प्रधान

प्रधान शब्द वेदों में ईश्वर के लिए आया है। शिवजी महाराज ने गणराज्यों की स्थान को। उन गणों के नेता को गणपति या प्रधान कहते थे। जाटों के बड़े–बड़े गणराज्य रहे हैं जिनका संचालक प्रधान कहलाता था। आजकल खापों की पंचायत के मुखिया को या किसी समूह समारोह के प्रमुख व्यक्ति को प्रधान नाम से पुकारा जाता है। चुनी हुई ग्राम पंचायत के मुखिया को सरपंच और कई जगह प्रधान भी कहते हैं। प्रधान शब्द का प्रयोग प्रमुख वंशों के लिए भी होता आया है। मुरादाबाद, बिजनौर में सभी जाटों को प्रधान के नाम से पुकारा जाता है।

2. ठाकुर

ठाकुर शब्द का प्रयोग मध्यकाल में ईश्वर, स्वामी या मंदिर की प्रतिमा के लिए किया जाता था। मुगलकाल में शासक वर्ग ने इसका व्यवहार अपने नाम के साथ करना प्रारंभ कर दिया। अक्तूबर 1720 ई. में देहली के सम्राट मुहम्मदशाह ने चूड़ामन जाट को ठाकुर की पदवी तथा अधिकार देकर सम्मानित किया था। ठाकुर, परगने का शासक प्रबंध और शांति सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होता था। इसी तरह राजा बदनसिंह को 18 मार्च, 1723 ई. के दिन जयपुर नरेश सवाई जयसिंह ने अपने आमेर दरबार में ठाकुर की उपाधि से सम्मानित किया था।

राजपूतों में इस समय इसका प्रयोग अधिक है। राजस्थान, इलाहाबाद, आगरा, बरेली कमिश्नरी के राजपूत, ठाकुर कहलाते हैं। राजस्थान और अवध में तो तमाम राजपूतों की उपाधि ठाकुर है और ठाकुर कह देने से ही राजपूत का पता लग जाता है। जाट लोग मथुरा, आगरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, भरतपुर, धौलपुर के सिनसिनवार, राणा, सिकरवार, भंगुर गोवे, चापोत्कट, ठकुरेले, ठेलवा, रावत, इन गोत्रों के जाट ही ठाकुर कहलाते हैं। यूपी बिहार के पूर्वी भागों के राजपूत, ठाकुर के स्थान पर बाबू लिखते हैं। बंगाल में कुछ ब्राह्मण वंशों को भी ठाकुर कहा जाता है। राजपूताना, हरियाणा, मालवा, मध्यप्रदेश, पंजाब में कोई भी जाट अपने को ठाकुर नहीं लिखता है। जाट अपने ग्राम में जैसे कुम्हार को प्रजापति कहते हैं वैसे ही अपने नाइयों को ठाकुर कहते हैं।

3. चौधरी

यह उपाधि केवल मुगलकाल से ही प्रचलित है। इसका अर्थ भी प्रमुख है। बादशाहों ने प्रमुख वंशों व व्यक्तियों को यह उपाधि दी थी।

भरतपुर राजपरिवार के रिश्तेदारों, मथुरा के नौवार, हंगा, खड़ई गोत्र, मेरठ एवं अंबाला कमिश्नरी के सभी जाटों को चौधरी कहलाने का गौरव प्राप्त है। बिजनौर में बारह गांव– बिजनौर, झालो, कुम्हेड़ा, आलमसराय, वलदिया, इस्मायलपुर, नांगल, सुवाहपड़ी, कीरतपुर, आदमपुर आदि के जाट, चौधरी कहलाते आए हैं। हरियाणा के सब हिंदू जाट और पंजाब में हिंदू व मुसलमान जाट भी चौधरी कहे जाते हैं। चौधरी के साथ साहब भी कहलाने का गौरव जाटों को प्राप्त है। आम बातचीत करते समय जाट को चौधरी साहब कहकर पुकारा जाता है। चौधरी शब्द सुनते ही जाट का बोध हो जाता है। चौधरी शब्द की बड़ी प्रतिष्ठा है। यहां तक कि सर की ऊंची उपाधि मिलने पर भी सर छोटूराम जी चौधरी, सर चौधरी शहाबउद्दीन साहब विधानसभा अध्यक्ष, सर चौधरी जफरूल्ला खां चीफ जज फैडरेल कोर्ट, राव बहादुर कैप्टन चौधरी लालचंद जी आदि। फतेहपुर के दीक्षित, सहारनपुर–मेरठ के सभी राजपूत, कानपुर की घाटमपुर तहसील के ब्राह्मण तिवारी, शिकरपुर–बुलंदशहर के रईस ब्राह्मण, बंगाल के कार्यस्थलों का एक दल, यूपी के तगा, गूजर, अहीर मंडियों के प्रमुख वैश्य भी चौधरी कहलाते हैं। इसी तरह हिंदुओं की बहुत सी अन्य जातियां भी अपने पुत्र व पुत्री के ससुर को या अपने संबंधी को सम्मान के तौर पर चौधरी कह दिया करते हैं जोकि उनकी यह स्थायी उपाधि नहीं है।

4. सरदार

दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने जब नानकपंथ को वीर खालसा का रूप दिया तब सभी सिख शिष्यों को उन्होंने सरदार की उपाधि से सम्मानित किया। यानि जो वीर अपना सिर बलिदान करने के लिए सदा तैयार रहे, उसको सरदार कहा गया। यद्यपि पंजाब में रामदासिये, कलाल, भंगी, तरखान, रामगढ़िये आदि सभी को सिख होने पर सरदार की उपाधि मिल जाती है। परंतु जाओं के राज्य थे व इनकी बड़ी–बड़ी जमीदारियां अधिक होने और इनका खास प्रभाव होने के कारण ही गांवों में जाटों को ही सरदार कहा जाता है, छोटी जातियों को नहीं। सेना में जूनियर आफिसरों को भी सरदार कहा जाता है, विशेषकर हिंदू जाट जेसीओ को। इन सैनिक जाट जेसीओ को सरदार बहादुर की उपाधि दी गई, जैसे– सरदार बहादुर मलिक भोरनसिंह, सूबेदार मेजर कुरमाली, सरदार बहादुर कैप्टन रघबीर सिंह एडीसी वायसराय आदि।

5. मिर्धा

नागौर जो जोधपुर राज्य में है के राजवंशी जाटों को मिर्धा कहा जाता है। इस राज्य का डाक विभाग इनके हाथ में था। इस वंश को यह उपाधि राव जोधा जी ने दी थी। इस राज्य के जाटों में मिध



जो जिसका गुण जानता है, वह उसको आदर देता है। कोकिल आम पर कूकती है और कौवा नीम के फल से प्रेम करता है। –वृंद

ा ही सर्वाधिक शिक्षित हैं।

6. मलिक

मलिक का अर्थ मालिक है। मालिक की उपाधि मुस्लिम शाही काल में तुषारवंशी, लाल गोत्री तिवाना, गठवाल गोत्री जाटों को दी गई थी जो आज तक इस वंश में चली आती है। एक समय गठवाले जाटों का राज्यशासन अफगानिस्तान में गजनी के चारों और था। सबसे पहले वहां पर इनकी प्रचण्ड वीरता के कारण इनको मालिक कहने लग गये यानि मलिक की उपाधि से सम्मानित किये गए। डब्ल्यू. क्रूक साहब इस भांति लिखते हैं– रोहतक जिले में गोहाना के पास इनका मुख्य स्थान आहुलाना है। पड़ौसी राजपूतों के साथ युद्ध में यह पूर्ण सफल रहे। इसलिए चारों ओर के अन्य जाटों ने इनको प्रधान मान लिया। दिल्ली के बादशाह इब्राहिम लोधी ने मंदहार राजपूतों को दबाने के लिए इनको सहायतार्थ बुलाया था। विजयी होने पर बादशाह ने इनको मलिक की उपाधि दी।

सरगोधा, झंग, मधियाने के तिवाना गोत्री मुसलमान जाट, हरियाणा और मुजफरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद के गठवाला लल्ल, गोत्र के जाट मलिक कहलाते हैं। इस गोत्र के जाट अपने गोत्र गठवाला के स्थान पर मलिक लिखने और कहने का अधिक गौरव रखते हैं। लल्ल गठवाला मलिकों का विस्तार व इतिहास जानने के लिए गठवाला मलिक इतिहास जरूर पढ़े।

7. पटेल

यह उपाधि दक्षिण में मरहठों की ओर से पट्टीदार जमींदारों को दी गई थी। गुजरात में गूजर, कोली, कुनवी आदि कृषक जातियों में पटेल उपाधि का अत्यधिक प्रचलन है। उदयपुर मेरवाड़ा, खांदेश, बरार, इंदौर, भोपाल, मध्यप्रदेश, मंदसौर, ग्वालियर के जाटों को पटेल उपाधि से संबोधित किया जाता है।

भारत के भूतपूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी सरदार और पटेल दोनों उपाधियों से सम्मानित थे।

8. फौजदार

यह उपाधि मुगल शासनकाल में उन शाही उच्च अधिकारियों को दी जाती थी जो कई परगनों या प्रांत की शासन व्यवस्था करते थे। जाटों को यह उपाधि भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल ने देनी आरंभ की थी। प्राचीन राजवंश जाट जो महाराजा की सेना में बड़ी संख्या में भरती थे, उनको महाराजा सूरजमल ने यह फौजदार की उपाधि प्रदान की थी। भरतपुर के सभी सिनसिनवार गोत्र के जाट, अलीगढ़, मथुरा के खूंटेल, डागुर, चाहर, गावड़ और भगौर गोत्रों के जाट फौजदार कहलाते थे।

9. राणा

यह एक खिताब या उपाधि है जो जाटों, राजपूतों तथा गोरखों में हैं। उदाहरणार्थ जाट क्षत्रियों के काकराणा, आदराणा, तातराणा, जटराणा, शिवराणा, चौदहराणा आदि वंश अपनी राणा उपाधि पर गर्व रखते हैं। गोहद और धोलपुर राज्य नरेशों की उपाधि राणा की थी। जाटों में इस राणा उपाधि वाले गोत्रों तथा उनकी जनसंख्या बहुत है। मेवाड़ उदयपुर के राजपूत नरेशों की उपाधि राणा की थी। जैसे महाराणा प्रताप सिंह व जाटों में ग्वालियर नरेश भीम सिंह राणा, राणा उदय प्रताप सिंह व उनके वंशज आदि।

# स से सरकारी

– राही, जयपुर

हमारा एक मित्र सरकारी नौकरी करता था। ईमानदारी से 'सेवा' की तरह नौकरी करता। उसकी कार्यकुशलता देख एक उद्योगपति ने उसे अपनी फैक्ट्री में बड़े पद का ऑफर दिया। मित्र ने हंस कर कहा– सेठजी! आपकी कुल संपत्ति कितनी है? सेठ ने शान से कहा– तीन हजार करोड़। मित्र ने मुस्करा कर कहा– मैं जिस सेठ (सरकार) के पास काम करता हूं उसकी कुल संपत्ति कई अरब है। अब आप ही बताए कि मैं क्या मूर्ख हूं जो बड़े सेठ को छोड़कर आपकी चाकरी करूंगा। क्या सचमुच सरकारी संस्थान से बड़ा कोई निजी संस्थान हो सकता है? कदापि नहीं लेकिन इन सरकारी संस्थानों की हालत खराब करने के जिम्मेदार इनमें काम करने वाले कारिंदे ही हैं। अगर सरकारी विद्यालय के अध्यापक की तुलना प्राइवेट स्कूल के मास्टर से करें तो आप चौंक जाएंगे। बेचारे निजी अध्यापक को सरकारी मास्टर से बहुत कम तनखा मिलती है पर अच्छी पढ़ाई प्राइवेट में ही होती है। इसका बड़ा कारण है सरकारी अध्यापकों की लापरवाही। अब इलाहाबाद न्यायालय ने फैसला दिया है कि नेताओं, अफसरों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी अध्यापकों को बाध्य किया जाए कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही पढ़ाएं। यही बात हम कई बार कह चुके हैं। सरकार को नौकरी देने से पहले अपने कर्मचारियों/अधिकारियों से हलफनामा लेना चाहिए कि उसके बच्चे निजी विद्यालय में पढ़ते मिले तो सेवा से हटा दिया जाएगा। सच कहते हैं एक साल में सरकारी स्कूलों की कायापलट न हो जाए तो कहना। जिस स्कूल में कलैक्टर और मंत्री का बेटा पढ़ेगा उस स्कूल के अध्यापक फरलो नहीं मार सकेंगे। हरेक बाप बेटे की शिक्षा के लिए चिंतित रहता है। अभी तो सरकारी स्कूलों में गरीब गुरबों के बच्चे पढ़ते हैं, उनकी परवाह किसे है। आज भी कुछ सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक वातावरण निजी स्कूलों को मात करता है। वह सिर्फ इसलिए कि उस स्कूल के हैडमास्टर साब खुर्रांट हैं और उस क्षेत्र के अभिभावक चैतन्य हैं।

दरअसल सरकार ने अपनी किरकिरी खुद कर रखी है। बीसियों बरस तक ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अध्यापकों और कर्मचारियों को सत्ताधारी अपना 'एजेंट' समझते रहे। गुरुजी अपनी भूमिका भूल कर नेताओं की हाजिरी भरते रहे जिससे उनका स्थानांतरण न हो। अब आप ही बताइए। ऐसे स्कूल में कौन बाप अपने बच्चों को भेजेगा। धीरे–धीरे मास्टरों और अफसरों ने भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों से निकाल लिया और अच्छे–अच्छे सरकारी स्कूल 'तबेले' बन कर रह गए। अब कोर्ट की मरजी से ही सही अगर सरकारें यह कानून पास करें तो सारा वातावरण करिश्माई अंदाज में बदल सकता है। पर क्या सचमुच राजनेता कुछ करने देंगे?

(रा. पत्रिका से साभार)



मनुष्य दुश्मन का सुदृढ़ गढ़ तोड़ सकता है, मगर अबोध बालक का मिट्टी का घरोंदा तोड़ने की शक्ति किसमें है। –प्रेमचंद

# क्षमा दान

वीर धीर मनुष्यों के लिए क्षमादान सर्वश्रेष्ठ दान है। बीती बातों को भूलकर जो समर्थवान व्यक्ति हिंसा का प्रतिकार लेने के लिए प्रतिहिंसा ना करके क्षमा कर देता है उसे न्यायकर्ता ईश्वर की न्याय व्यवस्था में क्षमा रूपी पुण्य के लिए अच्छी नियति पुरस्कार स्वरूप प्राप्त होती है। वैसे भी हिंसा या अपने प्रति किसी के अपराधा पर बदले की भावना रखते हुए प्रतिहिंसा करना पाशविक प्रवृति का पर्याय माना जाता है जबकि दण्ड देने की शक्ति होते हुए भी शत्रु द्वारा पश्चाताप कर लेने पर क्षमा कर देना मनुष्यों का दैवीय गुण कहलाता है। क्षमा की गौरव गाथा लिखते हुए महर्षि वेदव्यास जी ने कहा है–

क्षमा तेजस्विनां तेजः, क्षमा ब्रहम तपस्विनाम्।
क्षमा सत्यं सत्यवतां, क्षमा यज्ञ क्षमा शमः।।

अर्थात क्षमा तेजस्वी पुरुषों का तेज है, क्षमा तपस्वियों का ब्रहम है, क्षमा सत्यवादी पुरुषों का सत्य है। क्षमा यज्ञ है और क्षमा मनोनिग्रह है। बदले की भावना की अपेक्षा क्षमा उत्तम स्वभाव का लक्षण है।

क्षमा के सिद्धांत को भली भांति समझने के लिए हमें महर्षि दयानंद के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। अपने जीवन में कितनी बार उनके विष देने वालों को सदैव क्षमा कर दिया। यहां तक कि अपने प्राणहंता विष देने वाले रसोइये जगन्नाथ को भी क्षमा करते हुए धन देकर भाग जाने को कहा। इसे कहते हैं क्षमाशीलता। लेकिन अक्सर लोग क्षमा को कमजोरी या मूर्खता का पर्याय मान लेते हैं और फिर अपनी आसुरी प्रवृति को दिखाते हुए उनके प्रति अपराधों में संलग्न हो जाते हैं। शायद इसीलिए क्षमा वीरस्य भूषणम् कहकर क्षमाशीलता को धीर वीर पुरुषों का लक्षण बताया गया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने इसका वर्णन कुछ इस प्रकार से किया है–

क्षमा शोभती उसी भुजंग को, जिसके पास गरल हो
वह क्या जो विषहीन दंतहीन सरल हो।

अपने अपराधों को जान मानकर प्रायश्चित रूपी पश्चाताप करने वाला अपराधी ही क्षमा का अधिकारी होता है। यदि कोई अपराधी अपनी हठधर्मिता व दुष्ट आसुरी स्वभाव के कारण अपनी भूल को स्वीकार ना करे तो वह क्षमा का नहीं अपितु दंड का अधिकारी होता है। इसलिए महर्षि वेदव्यास ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है अच्छी तरह जांच पड़ताल करने पर यदि यह सिद्ध हो जाये कि उससे वह अपराध अनजाने में हो गया है। वह दुर्बल मनुष्य है और वह अपने अपराध का पश्चाताप करता है तो वह आपकी क्षमा का अधिकारी है। क्षमा में इसी सिद्धांत की पुष्टि गुरू गोबिंद सिंह ने करते हुए कहा है ''यदि कोई दुर्बल कमजोर तुम्हारा अपमान करे तो उसे क्षमा कर दो क्योंकि क्षमा करना वीरों का काम है। परंतु यदि अपराधी हठधर्मी बलवान हो तो उसे दंड अवश्य दो।'' जिसे पश्चाताप न हो उसे क्षमा कर देना पानी पर लकीर खींचने की भांति निरर्थक है अपितु हठधर्मी अपराधी को क्षमा करना उसके अपराधों को बढ़ावा देने के समान है।

क्षमा में जो महत्ता और औदार्य है वह क्रोध और प्रतिकार में नहीं। प्रतिहिंसा हिंसा पर आघात कर सकती है पर क्षमा उदारता पर नहीं। क्षमा मनुष्य का अलंकार है। इस जगत में क्षमा एक ऐसा वशीकरण मंत्र है जिससे मनुष्य दुश्मनों पर भी विजय पर सकता है। क्षमावान के लिए लोक परलोक दोनों हैं वह इस जगत में सम्मान और परलोक में उत्तम गति पाते हैं। क्षमा दंड से बढ़कर है और क्षमा से बढ़कर और किसी बात में दुश्मन को जीतने की शक्ति नहीं है। क्षमाशीलता का पाठ पृथ्वी से सीखें, धरती को जितना खोदें वह गहराई में उतने रत्न, शीतल जल आदि प्रदान करते हुए सबका पालन पोषण और धारण करती है। यदि समाज में क्षमाशील पुरुष ना हों तो मनुष्यों में कभी संधि नहीं हो सकती क्योंकि क्रोध तो झगड़े की जड़ है।

# फल करते हैं हर बीमारी का ईलाज

**अमरूद का के फायदे :-**

इसमें संतरे से २ गुणा अधिक विटामीन सी होता हैं। यह भोजन का पाचन ठीक कर कब्ज को दूर करता है। शुगर के रोगी की प्यास को दूर करता है।

**आंवले के लाभ :-**

आंवला, रीठा और शिकाकाई का काढ़ा बनाकर सिर धोने से बाल मुलायम, घने और लम्बे होते हैं। ताजा आंवला मिश्री के साथ प्रातः खाने से खट्टी डकार व अम्लपित की शिकायत दूर होती है। स्त्रियों के योनि स्राव में लाभदायक है।

आंवले का चूर्ण यकृत (जिगर) बढ़ने, सिर दर्द, कब्ज बवासीर और भोजन न पचने में त्रिफलन चूर्ण के रूप में प्रयोग किया जाता है।

इसमें विटामीन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है जोकि अमृत तुल्य है। खूनी बवासीर में आंवला चूर्ण को मलाई युक्त दही के साथ दिन में ३ बार सेवन काने से लाभ होता है।

४ छोटे चम्मच आंवला रस में १ ग्राम जीरा चूर्ण मिलाकर दिन में २ बार लेने से खून की उल्टी व दस्त में लाभ देता है।

केवल आंवला चूर्ण को ही रात में पानी के साथ लेने से आँख, कान, नासिकादि इन्द्रियों का बल बढ़ता है, हाजमा बढ़ता है तथा यौवन प्राप्त होता है।

**सेब :-**

सेब में कैलोरी की मात्रा कम होती है, इसमें भरपूर मात्रा में विटामीन ए एवं बी पाया जाता है।

यह कोलेस्ट्रोल कम करता है। यह नेचुरल टूथ ब्रश का काम करता है।

सेबका मुरब्बा खाने से दिल के रोगों में लाभदायक होता है। हर रोज सुबह खाली पेट १ सेब नमक लगाकर खाया जाये तो तो पेट के कीड़े मर जाते हैं और पेट दर्द ठीक हो जाता है।

पेट में बनने वाली गैस बन्द हो जाती है।



हानि हो चुकी है उसके लिए शोक करना अधिक हानि को निमंत्रित करना है। –शेक्सपीयर

# झुंझनु संस्थापक राजा जुझार सिंह नेहरा

- श्री भीवाराम चौधरी (नेहरा)

द्वारा नवीन चौधरी, जाट रत्न प्रभारी जिला झुंझनु,

जुझारसिंह नेहरा (1664–1730) राजस्थान के बड़े मशहूर योद्धा हुए हैं, उन्हीं के नाम से झुंझुनु जैसा नगर प्रसिद्ध है। नेहरा जाटों का इतिहास शेखावतों का जाटों के साथ समझौता नेहरा जाटों का इतिहास नेहरा भारत और पाकिस्तान में जाटों का एक गोत्र है। ये राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पाकिस्तान में पाए जाते हैं। नेहरा की उत्पत्ति वैवस्वत मनु के पुत्र नरिष्यंत (नरहरी) से मानी जाती है। पहले ये पाकिस्तान के सिंध प्रांत में नेहरा पर्वत पर निवास करते थे। वहां से चल कर राजस्थान के जांगलदेश भू–भाग में बसे और झुंझुनू में नेहरा पहाड़ पर आकर निवास करने लगे, राजस्थान में नेहरा जाटों का तकरीबन 200 वर्ग मील भूमि पर किसी समय शासन रहा था। उनके ही नाम पर झुंझुनू के निकट पर्वत आज भी नेहरा पहाड़ कहलाता है। दूसरा पहाड़ जो मौरा (मौड़ा) है, मौर्य लोगों के नाम से मशहूर है। नेहरा लोगों में सरदार झुंझा अथवा जुझार सिंह नेहरा बड़े मशहूर योद्धा हुए हैं, उन्हीं के नाम से झुंझुनू जैसा नगर प्रसिद्ध है। पंद्रहवीं सदी में नेहरा लोगों का नरहड़ में शासन था। वहां पर उनका एक किला भी था। उससे 16 मील पश्चिम में नेहरा पहाड़ के नीचे नाहरपुर में उनके दूसरे दल का राज्य था। सोलहवीं सदी के अंतिम भाग में और सत्रहवीं सदी के प्रारंभ में नेहरा लोगों का मुसलमान शासकों से युद्ध हुआ। अंत में नेहरा लोगों ने मुसलमानों से संधि कर ली। नेहरा लोगों के प्रसिद्ध सरदार जुझारसिंह नेहरा का जन्म संवत 1721 विक्रमी श्रावण महीने में हुआ था। उनके पिता नवाब के यहां फौज के सरदार यानि फौजदार थे। युवा होने पर सरदार जुझार सिंह नवाब की सेना में जनरल बन गए। उनके दिल में यह बात पैदा हो गयी कि भारत में जाट साम्राज्य स्थापित हो। जुझार सिंह ने पंजाब, भरतपुर, ब्रज के जाट राजाओं और गोकुला के बलिदान की चर्चा सुन रखी थी। उनकी हार्दिक इच्छा थी कि नवाबशाही के खिलाफ जाट लोग मिल कर बगावत करें। उन्हीं दिनों सरदार जुझार सिंह की मुलाकात एक राजपूत से हुई। वह किसी रिश्ते के जरिये नवाब के यहां नौकर हो गया। उसका नाम शार्दुल सिंह था। दोनों का सौदा तय हो गया। शार्दुल सिंह ने वचन दिया कि इधर से नवाबशाही के नष्ट करने पर हम तुम्हें (सरदार जुझार सिंह को) अपना सरदार मान लेंगे। अवसर पाकर सरदार जुझार सिंह ने झुंझुनू और नरहड़ के नवाबों को परास्त कर दिया और बाकि मुसलमानों को भगा दिया। कुंवर पन्ने सिंह द्वारा लिखित रणकेसरी जुझार सिंह नामक पुस्तक में अंकित है कि सरदार जुझार सिंह को दरबार करके सरदार बनाया गया। सरदार जुझार सिंह का तिलक करने के बाद एकांत में पाकर विश्वासघात कर शेखावतों ने सरदार जुझार सिंह को धोखे से मार डाला। इस घृणित कृत्य का समाचार ज्यों ही नगर में फैला हाहाकार मच गया। जाट सेनाएं बिगड़ गयी। फिर भी कुछ लोग विपक्षियों द्वारा मिला लिए गए। कहा जाता है कि उस समय चारण ने शार्दुल सिंह के पास आकर कहा था– सादे लीन्हो झुंझणूं, लीनो अमर पटै बेटे पोते पड़ौते, पीढी सात लटै अर्थात– सादुल्लेखान से इस राज्य को झुंझा (जुझार सिंह) ने लिया था, वह तो अमर हो गया। अब इसमें तेरे वंशज सात पीढ़ी तक राज करेंगे। जुझार अपनी जाति के लिए शहीद हो गया। वह संसार में नहीं रहे, किंतु उनकी कीर्ति आज तक गाई जाती है। झुंझुनू शहर का नाम जुझार सिंह के नाम पर झुंझुनू पड़ा है। शेखावतों का जाटों के साथ समझौता शेखावतों ने जाट–क्षत्रियों के विद्रोह को दबाने के लिए तथा उन्हें प्रसन्न रखने के लिए निम्नलिखित आदेश जारी किए–

1. लगान की रकम उस गांव के जाट मुखिया की राय से ली जाया करेंगी। 2. जमीन की पैमाइश गांव के सरदार किया करेंगे। 3. गोचर भूमि के ऊपर कोई कर नहीं होगा। 4. जितनी भूमि पर चारे के लिए गुवार बोई जावेगी उस पर कोई कर नहीं होगा। 5. गांव में चोरी की हुई खोज का खर्चा तथा राज्य के अधिकारियों के गांव में आने पर उन पर किया गया खर्चा गांव के लगान में से काट दिया जायेगा। जो नजर राज के ठाकुरों को दी जायगी वह लगान में वाजिब होगी। 6. जो जमीन गांव के बच्चों को पढ़ाने वाले ब्राह्मणों को दी जायेगी। उसका कोई लगान नहीं होगा। जमीन दान करने का हक गांव के मुखिया को होगा। 7. किसी कारण से कोई लड़की अपने मायके (पीहर) में रहेगी तो उस जमीन पर कोई लगान न होगा, जिसे लड़की अपने लिए जोतेगी। 8. गांव का मुखिया किसी काम से बुलाया जायेगा तो उसका खर्च राज देगा। 9. गांव के मुखिया को जोतने के लिए जमीन मुत दी जायेगी। सारे गांव का जो लगान होगा उसका दसवां भाग दिया जायेगा। 10. मुखिया वही माना जायेगा जिसे गांव के लोग चाहेंगे। यदि सरदार गांव में पधारेंगे तो उनके खान–पान व स्वागत का कुल खर्च लगान में से काट दिया जायेगा। 11. गांव के टहलकर (कमीण) लोगों को जमीन मुत दी जायेगी। 12. जितनी भूमि पर आबादी होगी, उसका कोई लगान न होगा। 13. इस खानदान में पैदा होने वाले सभी उत्तराधिकारी इन नियमों का पालन करेंगे। कुछ दिनों तक इनमें से कुछ नियम आंशिक रूप से अनेक ठिकानों द्वारा ज्यों–के–त्यों अथवा कुछ हेर–फेर के साथ माने जाते रहे। कुछ ने एक प्रकार से कटाई इन नियमों को मेट दिया। झुंझुनू का मुसलमान सरदार जिसे कि सरदार जुझार सिंह ने परास्त किया था, सादुल्ला नाम से मशहूर था। झुंझुनू किस समय सादुल्लाखान से जुझार सिंह ने छीना इस बात का वर्णन निज काव्य में मिलता है। सत्रह सौ सत्सायी, आगण मास उदार सादे लीन्हो झुंझणूं, सुदी आठें शनिवार अर्थात संवत 1787 में अघन मास के सुदी पक्ष में शनिवार के दिन झुंझुनू को सादुल्लाखान से जुझार सिंह ने छीना।

(इस प्रतिमा को वीरवर झुंझार सिंह संस्थान (समिति) ने लगवाया है। इस समिति के सचिव श्री भींवाराम चौधरी (नेहरा) से आज मेरी मुलाकात हुई। तो चौधरी जी ने बताया कि ये प्रतिमा अष्ट धातु की बनी हुई है और इस स्मर्ति स्थल के चौक को झुंझा चौक झुंझुनू के नाम से प्रसिद्ध किया गया है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि एक समय बणिया लोग अपनी बहियों में श्री गणेश की जगह झुंझा महाराज मेरी रक्षा करें ये लिखने लग गए थे। वे समाज के लिए जिए, समाज के लिए मरे और अमर हो गए।



जो समर्थ और सक्षम होते हुए भी अपने लिए अथवा दूसरों के लिए काम नहीं करता, इस पर परमेश्वर की कृपा दृष्टि कभी नहीं होती।
–हजरत मोहम्मद

# जाट इतिहास पर शोध कार्य आवश्यक

- चौ. बहादुर सिंह

इतिहासकारों की दृष्टि में सामाजिक रचना का काल लगभग 5 हजार वर्ष का माना जाता है, परंतु पुरातत्ववेता लगभग 7 हजार वर्ष का मानते हैं। भारत वर्ष के इतिहास को मोटे रूप से दो भागों में बांटा जा सकता है। 326 बी.सी. में भारत पर सिकंदर के आक्रमण को इतिहासकार लिखित प्रमाण मानते हैं। इससे पूर्व का इतिहास पोराणिक रचनाओं पर आधारित है। जिससे उन रचनाओं का कालक्रम प्रमाणिक तिथियों पर आधारित नहीं है। उस काल की इतिहास से संबंधित घटनाएं या बातें प्रायः एक विशेष दृष्टिकोण को सामने रखकर रची गयी थी। जैसे–जाट समाज की उत्पति शिव की जटाओं से हुई थी। बौद्ध धर्म के प्रादुर्भाव के पश्चात ऐसी रचनाओं में अधिक गहराई आई। इतिहास से राज्यसत्ता क्षत्रियों के हाथ रहती रही है, उनके मंत्री प्रायः ब्राह्मण ही रहते रहे हैं। जब भी कमजोर और प्रभावहीन राजाओं का समय था, चतुर मंत्री षड्यंत्रों द्वारा राज्यसत्ता हड़प लेते रहे हैं। तब उस काल में ब्राह्मणों द्वारा क्षत्रियों को नीचा दिखाने के लिए अनेक कहानियां गढ़ी गई। जैसे परशुराम ने पृथ्वी को 21 बार क्षत्रिय विहीन किया था तथा क्षत्रियों की स्त्रियों से ब्राह्मणों द्वारा नियोग से उनके जठर (पेट) से जो संतान पैदा हुई, वह जाट कहलाई। इसी प्रकार बौद्ध धर्मवलंबी सम्राट अशोक महान महाराजा कनिष्क और हर्षवर्धन के शासनकाल में क्षत्रियों को वर्णों में श्रेष्ठ और ब्राह्मणों को नीचा बताया गया, क्योंकि ब्राह्मण समाज बिना परिश्रम के वर्ण–आश्रम रचना से पूर्व भी मांगकर खाया करता था। यथार्थ में ब्राह्मण धर्म का आधार अर्थ और ऊंच नीच के सिद्धांत पर आधारित है, परंतु बौद्ध धर्म का आधार शुद्ध आध्यात्मिक है। इसमें कर्मकाण्ड, ऊंच–नीच, ग्रामीण–शहरी या किसी वर्ग आदि का भेदभाव नहीं है।

जाट समाज अपनी प्रकृति के अनुसार कर्मकाण्डों के कठोर प्रतिबंधों से दुःखी था तथा तत्कालीन बौद्ध धर्म को मानने वाले समाज बंधु सम्राटों के प्रभाव के कारण यथा राजा–तथा प्रजा के सिद्धांत पर ब्राह्मण धर्म को छोड़कर बौद्ध धर्म को अपना लिया था। जिससे ब्राह्मण समाज की आय का मार्ग अवरूद्ध होने से, उनकी आजीविका संकटग्रस्त हो गई थी।

सन 647 ई. महाराजा हर्षवर्धन के स्वर्गवास के पश्चात 7वीं सदी के उत्तरार्द्ध में दो विशेष ऐतिहासिक घटनाएं घटी। एक– बौद्ध धर्म का भारत से नेस्तनाबूत होना। दूसरा– आबू पर्वत पर अग्नि–यज्ञ द्वारा एक नयी राजपूत जाति का निर्माण करना। आबू पहाड़ के नजदीक पड़ने वाले जाट कौम के चार छोटे–छोटे राज्य, मंडौर के परिहार, सांभर के चौहान, चंद्रावती के पंवार और बल्भि के सोलंकी, सर्वप्रथम इस नवीन जाति में दीक्षित हुए। तत्पश्चात राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार तक अग्नि–यज्ञों का तांता बंध गया था और कर्म काण्डों की जटिलताओं के मकड़जाल के प्रभाव में समाज के लिए मानना अति आवश्यक कर दिया। बिना मांगे अपने आप ज्ञान देने वाले और दान लेने वाले सिद्धांत को अपने कबीले के आनंदपूर्वक आजीविका के निर्वाह का पुख्ता प्रबंध कर दिया जिससे तत्कालीन समय में न तो उन्हें विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध लड़ना पड़े, न ही खेती करनी पड़े और न ही पशुपालना एवं न ही व्यापार करना पड़े।

इन सभी कबीलों में खेती करने वाले कबीलों की संख्या अन्य सभी कबीलों की तुलना में अधिक थी। पाणिनी की अष्टाध्यायी में जट धातु का अर्थ संघ–समूह और इनका भाग अनगिनत है। तत्कालीन भारत में जनसंख्या भी सीमित थी और शायद लाखों में ही रही हो। जो कबीला संख्या सबसे अधिक था। वह जट कहलाया। आज भी एक को बाल, अनगिनत की जट कहते हैं। आदमी के सिर के सभी बाल, अनगिनत को जट कहते हैं। आदमी के सिर के सभी बाल, ऊंट, बकरी के सामूहिक बाल जट कहलाते हैं। ये संख्या में अनगिनत होने का भाव दर्शाते हैं।

तत्कालीन ब्राह्मण धर्म ने जो कालांतर में हिंदू धर्म कहलाया, तब से आज तक अर्थात 1192 से 1947 तक 750 वर्षों की गुलामी का जीवन जिया है। वस्तुतः जाट कौम 1300 वर्ष पूर्व शासक थी, परंतु उसके बाद शासित बना दी गई। इतने लंबे समय तक शासित और गुलामी के जीवन में गिरावट पतन, चरित्र हनन, शोषण, अन्याय, कमियों–कमजोरियों की हीनभावनाओं आदि तथा नाना प्रकार की कुरीतियों का शिकार जाट समाज होता रहा है। ऐसे में लेखकों द्वारा इतिहास जैसे पवित्र तथा तथ्य आधारित वर्णन में न्याय, ईमान और सच्चाई के दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं।

सिकंदर के आक्रमण के समय पंजाब के दुआबो के बीच दो छोटे–छोटे राजा अम्भी और पुरू दोनों जाट थे। सिकंदर से बिना लड़े अधीनता स्वीकार करने वाले अम्भी को तो इतिहास में जाट लिखा है। परंतु पुरु जैसे स्वाभिमानी योद्धा की जाति के नाम तक का उल्लेख नहीं है। सन 712 ई. में सिंध पर मोहम्मद बिन कासिम द्वारा ब्राह्मण राजा को हरा देने के कारणों को मिथ्या ढंग से प्रचारित किया गया है। परंतु उसके दादा चच द्वारा सिंध के जाट राजा साहसी राय से विश्वासघात पूर्ण आचरण के द्वारा राज्य छीनने के पश्चात जाट कौम पर किए गए जुल्मों का वर्णन तक नहीं है। महमूद गजनवी सोमनाथ मंदिर के धन–वैभव को लूटकर ले जाते समय पंजाब में जाटों द्वारा उसे लूटने के कारनामों को बड़े हल्के ढंग से पेश किया है।

सन 1194 में कुतुबुद्दीन ऐबक का हांसी के सरदार जाटवान के आजादी के लिए किए गए संघर्ष में ऐबक की ही गरिमा को दर्शाया गया है। मंदिरों की रक्षा करते हुए, 7 हजार धर्म–योद्धाओं सहित क्रूरतम मृत्यु को आलिंगन करने वाले वीर गोकुला को लुटेरा शब्द से नवाजा है। बहिन–बेटियों के रिश्ते विधर्मियों से करने की ग्लानि के दर्द का बदला बादशाह अकबर (जो इस प्रथा का प्रारंभ करने वाला था) की हड्डियों को कब्र से निकाल कर दाह संस्कार करके हिंदुत्व की भावनाओं से ओतप्रोत वीर राजाराम के प्रति इतिहास में कोई आदर भाव तक नहीं है। 1857 की क्रांति में तत्कालीन हरियाणा के सैकड़ों और हजारों देशभक्तों को पेड़ों पर फांसी व गिरड़ी के नीचे कुचलने से हांसी की सड़क लाल हो गई थी। उस समय में झांसी की रानी, नाना साहिब और बादशाह जफर तक अपने–अपने स्वार्थों के लिए लड़ रहे थे। मात्र आजादी की भावना से लड़ने वाला राजा नाहर सिंह के नाम का गौरवपूर्ण जिक्र भी नहीं है और न ही उनका चित्र घरों में देखने में आता है। ऐसी



जिस कुल में स्त्री–पुरुष परस्पर एक–दूसरे से खुश रहते हैं, उसका अवश्य कल्याण होता है। –अज्ञात

अनेक ओझल रही घटनाओं तथा शौर्य पूर्ण कार्यों को तथ्यों सहित उजागर करने का अब समय है।

समाज की विशालता और इतिहास एवं साहित्य के अभाव के कारण समाज में अलगाव, बिखराव और उदासीनता का होना स्वाभाविक है। कौम में लेखक बंधुओं का अभाव होने की वजह से सुप्त कौम का जागृत होना कठिन है। प्रो. गणपत सिंह कुवर का अभाव सदा खटकता रहेगा, जब तक कि उनकी भरपाई के लिए कोई बंधु साहस नहीं करता। हिंदू समाज को एक लंबे समय तक गुलामी का जीवन जीने के लिए विवश होने के कारण हमारे, इतिहासकार भी पराधीनता की मनोवृति से अछूते नहीं रह सके। सन 1854 में कलकत्ता हाईकोर्ट के विलियम जोन नाम के एक जज ने एक विशेष नीतिगत सवाल उछाल दिया था कि आर्य भारत में कब आए और कहां से आये? देश के विद्वान इतिहासकार गौरारंग महाप्रभु की एक उछाली हुई टिप्पणी को ही सिद्ध करने में अपनी क्षमताओं का उपयोग करने में लगे रहे। जबकि निश्चित रूप से आर्य ही भारत के मूल निवासी थे। भारत से आर्य लोग यूरोप के बहुत से अन्य देशों में जाकर बस अवश्य गए थे। भारत के प्रचलित इतिहास में किसी एक विषय पर अनेक विद्वानों के अलग–अलग मत लिखे हुए हैं, जिन्हें पढ़कर कोई प्रबुद्ध पाठक भी किसी निर्णायात्मक नतीजे पर नहीं पहुंच पाता है। साधारण या किसी कम्पीटिशन की परीक्षा के लिए भले ही अच्छे अंक प्राप्त करने की दृष्टि से वह प्रक्रिया ठीक बैठती हो, परंतु इतिहास में शोध की दृष्टि से तो पाठक के लिए अधिकारपूर्वक निर्णायात्मक तथ्य ही होना चाहिए। जातियों और पेशों का होना गलत नहीं है, इनका होना तो अति आवश्यक है। इनके बिना तो समाज की रचना भी नहीं हो सकती है। गलती कहां हुई है? हिंदू समाज में पेशों और जातियों के ऊंच और नीच के भेदभाव के कारण ही यह बुराई पनपी है। कुछ तो मानव में अहंकार का स्वभाव भी एक कारण है। दूसरे अहंकार में स्वार्थ का पुट देकर भेदभाव की विष रूपी बेल की जड़ में 5 हजार वर्ष से भरपूर खाद पानी दिया जाता रहा है, जो हिंदू समाज में कोढ़, कैंसर और एड्स का रूप धारण किए हुए है। हिंदू समाज देखने में संतरे की मानिंद एक है। छिलका उतारने पर ऊंच–नीच का भाव, जाति और पेशों के रूप में बिखराव होने के कारण हिंदू समाज में संगठन का भाव मृत प्रायः हो चुका है।

---

# चौधरी चरण सिंह जी से जुड़ी कुछ पुरानी यादें...

एक दिन सुबह–सुबह उठकर चौ. चरण सिंह अपने ड्राईवर को बोले चलो गाड़ी लेकर आओ आज कही घूमने चलते हैं चौ. साहब गाड़ी में बैठ कर चल दिए तभी ड्राईवर ने पूछा कहां जाना है तो उन्होंने बोला तुम चलते रहो मैं रास्ता अपने आप बता दूंगा। ऐसे चलते–चलते चौ. साहब एक खेत में पहुंच गए और ड्राईवर को बोले गाड़ी रोक दो आज मैं तुम्हें देश के अन्नदाता से मिलवाता हूं। उन्होंने देखा दो किसान काम करके खाना खाने के लिए बैठे ही थे, उन्होंने भी चौ. साहब को भी अपनी ओर आते देख लिया था तो उन्होंने अपना खाना बंद करके रख दिया। और चौ. साहब की सेवा में लग गए तभी चौ. साहब ने बोला रोटी नहीं आई क्या? दोनों ने एक दूसरे की तरफ देखा और बोले नहीं आई।

एक ने कहा अभी लाते हैं गांव से तभी चौ. साहब ने कहा रोटी तो आई हुई है वो ही ले आओ। दोनों भाई एक दूसरे की तरफ देखने लगे। तभी चौ. साहब ने अपने ड्राईवर को बोला कि तुम ले आओ ट्यूबवैल से खाना, वो खाना ले आया और चौ. साहब खाना खाने लगे तभी चौ. साहब ने बोला गुड़ नहीं है क्या? तो किसान ने बोला नहीं चौ. साहब लड़की को बालक हुआ था, गुड़ बेच कर उसका छुचक दे दिया। तभी चौ. साहब ने अपने ड्राईवर से बोला ये हालात हैं देश के किसान के जो गुड़ पैदा कर रहा है, आज उसके पास खाने के लिए गुड़ नहीं है। ऐसे किसान मसीहा को मैं कोटि कोटि नमन करता हूं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसान हित के लिए लगा दिया। चौ. चरण सिंह ने कहा था देश की तरक्की का रास्ता खेत खलियान से होकर गुजरता है लेकिन आज किसान की बदहाली का रास्ता भी खेत खलियान से ही गुजरता है किसानों के हालात बद से बदतर हो गए हैं। किसानों को फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल रहे हैं। गन्ने का भुगतान आज तक नहीं हुआ, किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

लघु कथा

# *अपने–अपने भगवान*

एक व्यक्ति दूरबीन लेकर लोगों को तमाशा दिखाया करता था। एक दिन उसे पता चला कि शहर के एक हिस्से में सांप्रदायिक दंगे भड़क रहे हैं। वह फौरन अपनी दूरबीन लेकर वहां पहुंच गया। वहां दो व्यक्ति आपस में लड़ रहे थे। उसने उन्हें रोका और तमाशा देखने को कहा। पहले तो वे दोनों नहीं माने, पर अधिक आग्रह करने पर मान गए। दूरबीन वाले ने एक से पूछा, 'बोलिए, आप क्या देखना चाहते हैं?' उसने कहा– 'स्वर्गलोक।' दूसरे ने कहा– 'पृथ्वी।' उसने पहले व्यक्ति की आंखों के सामने दूरबीन रखी और पूछा– 'कुछ दिख रहा है?' जवाब मिला– 'हां, स्वर्गलोक दिख रहा है। भगवान बेहद व्यस्त हैं और वे अपनी आकृति के अनुसार मनुष्यों का निर्माण कर रहे हैं।' अब उसने दूसरे से दूरबीन से पृथ्वी की ओर देखने को कहा और पूछा– 'कुछ नजर आ रहा है?' उसने कहा– 'मुझे तो पृथ्वी के सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे दिखाई दे रहे हैं। उनमें कई इंसान बैठे हैं।' दूरबीन वाले ने पहले से पूछा– 'स्वर्गलोक में कितने भगवान दिखे?' उसने, बताया– 'भगवान तो एक ही था, पर मनुष्य की आकृतियां अनेक थीं।' दूसरे व्यक्ति से पूछा– 'तुम्हें पूजा स्थलों में क्या दिखा?' उसने उत्तर दिया– 'वहां तरह–तरह के मनुष्य हैं और सब अपने जैसे तरह–तरह के भगवान बना रहे हैं। इंसान अपने–अपने भगवान बना लेता है। लेकिन वह यह नहीं समझ पाता कि उसे बनाने वाला वह परमात्मा एक ही है।' दूरबीन वाले की यह सरल व्याख्या सुनने वालों के हृदय में उतर गई और उन्होंने आपस में लड़ना बंद कर दिया।



गृहस्थ का घर भी एक तपोभूमि है, सहनशीलता और संयम खोकर कोई सुखी नहीं रह सकता। –जनार्दन प्रसाद झा 'द्विज'

# वीर–बाला भोली व उसके गांव लजवाना की वीर गाथा

-राम शरण युयुत्सु

महिलाओं को बराबरी का हक देने के लिए आज देश में खूब प्रयास किए जा रहे हैं। देश की राजनीति में 'महिला आरक्षण' को लेकर भले ही घमासान चल रहा हो, किन्तु हमारे देश के लोग यह भूल रहे हैं कि इस देश को आजाद कराने, गुलामी की जंजीर तोड़ने के संघर्षों में जितनी कुर्बानी पुरुषों ने दी है, उसमें महिलाओं की भागीदारी भी कम नहीं है।

इस श्रेणी में हरियाणा की वीर–बाला 'भोली' का नाम एक सीमित क्षेत्र में ही चर्चित होकर रह गया है। रिसायत जींद के गांव लजवाना की इस वीर बाला ने वर्ष 1854 के युद्ध में जींद नरेश महाराजा सरूप सिंह की सेना के दांत खट्टे करके एक ही दिन में 16 सिपाही मौत के घाट उतार दिए थे।

यह घटना सन् 1854 की है, जब जींद के महाराजा सरूप सिंह के एक तहसीलदार लाला कौर सेन (कंवर सेन) लजवाना के समीपवर्ती गांव ढ़ीगाना में लगे दरबार में लोगों से गाली–गलौज सहित अभद्र व्यवहार पर उतर आये। गांव जलवाना के नंबरदार भूरा व निगाईया आपस में घोर विरोधी होते हुए भी यह सहन नहीं कर पाए और गांव में वापस आते समय इन दोनों ने रास्ते में आपस में मंत्रणा करके राजा के विरूद्ध संघर्ष की योजना बना डाली। शाम को ही गांव की आमसभा करके, गांव की ओर से राजा के विरूद्ध विद्रोह की घोषणा कर डाली। योजना के अनुसार अगले दिन जब तहसीलदार कौर सेन और उसके अमले के आदमी गांव की परस (चौपाल) में पहुंचे तो इस अवसर पर भूरा व निगाईयां नंबरदार को वहां उपस्थित न देखकर उन्हें तुरंत हाजिर करने का हुक्म दे डाला। गांव के कुछ नौजवान, जो इस अवसर की ताक में थे, तहसीलदार कौर सेन पर टूट पड़े। तहसीलदार ने चौपाल की पिछली खिड़की से भागने की कोशिश की, परंतु गांव वालों ने उसे मारकर गांव के बाहर कालीदेवी के मंदिर के पास उपलों में डालकर जला डाला।

कुछ लोगों का यह भी मानना है कि जब तहसीलदार कौर सेन चौपाल के पिछले दरवाजे से भागने लगा तो एक युवा–लड़की ने चौपाल का पिछला दरवाजा बंद कर तहसीलदार को भागने से रोक दिया। गांव के एक युवक ने गंडासे से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इस लड़की का नाम 'भोली' बताया गया है। यह लड़की नवयुवकों के साथ ही रहकर मार–काट के कार्यों में भागीदार रहती थी।

इस घटना की सूचना राजा सरूप सिंह के पास पहुंची तो राजा ने दोनों नंबरदारों को तलब किया। परंतु गांव की ओर से जवाब भेजा गया– 'सारा गांव दोषी है, इसलिए किसी को भी पेश करना कठिन है।' राजा की ओर से फिर प्रस्ताव पहुंचा– 'यदि सारा गांव सामूहिक रूप से माफी मांग ले तो मामला निपटाया जा सकता है, परंतु ग्रामवासियों से इसका कोई भी उत्तर नहीं मिलने पर राजा जींद ने अपने सेनापति मेजर अली को गांव पर हमला करके सबको खत्म करने का हुक्म दे दिया। उधर गांव वालों ने भी राजा से मुकाबला करने की तैयारी कर ली। गांव की रक्षा के लिए सारे प्रबंध कर दिए गए। सारे गांव के इर्द–गिर्द मिट्टी की बड़ी–बड़ी दीवारें बना दी गई और गांव के चारों ओर खाइयां खोद दी गईं, खंदकें खोदकर सभी प्रकार से मोर्चे तैयार कर लिए गए।

राजा की फौज ने गांव पर तोपों से धावा बोल दिया। परंतु लोगों ने भूरा व निगाईया की कमान में आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया तथा वीरता से गांव की डटकर रक्षा की। यह संघर्ष लंबे समय तक चला। कुछ दिनों के बाद महाराजा ने देखा कि गांव वाले हार नहीं रहे हैं, तो उसने रियासत नाभा और पटियाला के शासकों से सहायता की प्रार्थना की। तीनों राज्यों की फौजों ने एक साथ गांव पर चढ़ाई की, परंतु गांव फिर भी नहीं टूटा और गांववासियों ने वीरता से गांव की रक्षा की। यह लड़ाई पूरे छह मास तक चलती रही। अंततः राजा द्वारा अपने आका अंग्रेज सरकार से सहायता मांगने पर स्थिति को भांपकर, गांववालों ने गांव को छोड़कर चले जाने में ही अपनी भलाई समझी। इस युद्ध के कारनामों को आज भी जोगी व भाट लोक गीतों में वीरगाथा के रूप में गाते हैं। 'लजवाना की लड़ाई' नाम की इस गाथा को जोगी व भाट घंटों वीर रस में गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर देते हैं।

कहते हैं कि इस युद्ध में गांव की एक युवा लड़की जिसका नाम 'भोली' बताया जाता है, ने भी अद्भुत वीरता दिखाई थी। उसने एक ही दिन में 16 रियासती सिपाही मौत के घाट उतार दिए थे जिससे दुश्मन की फौज में भगदड़ मच गई। उसकी शौर्य गाथा आज भी बच्चे–बच्चे की जुबान पर है। इस वीरांगना के साहस से प्रेरित होकर ही गांव के लड़ाकुओं में अथाह उत्साह का संचार हो पाया था और वह जी–जान से रियासती फौज से लंबे समय तक लड़ते रहे।

विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि उस समय औरतों के ऊपर कड़े सामाजिक प्रतिबंध थे। लेकिन इस युद्ध में लड़की भोली ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भोली नाम की यह युवती अपने भाई के युद्ध में मारे जाने का समाचार सुनकर ग्रामीण–सेना के मना करने के बावजूद बांध के उस पार पहुंच कर रियासती सेना से जा भिड़ी। सिर पर अपनी काली ओढ़नी (दुपट्टा) पगड़ी की तरह बांधकर उसने दुश्मनों की सेना पर कहर ढा दिया था। एक ही दिन में 16 रियासती सैनिकों को मारकर उसने कीर्तिमान स्थापित कर दिया। आस–पास के गांवों में आज भी उसके बारे में यह दो बोल प्रचलित हैः–

'सेर बाजरा झोली में, सोलह काट्ये भोली नैं।'

आज भी लजवाना की याद आते ही जींद की ग्रामीण महिलाएं, यह बड़े दर्द से गाती हैं–

लिजवाने तेरा नाश जाइयो, तनैं पुत्त बड़े खपाये।'

ऐतिहासिक पुस्तकों में चाहे अब तक इन घटनाओं को विस्तार से जगह न मिली हो, लेकिन हरियाणा निवासियों में इनकी वीरता की मिसालें आज भी ताजा हैं। भूरा व निगाईया के साथ–साथ भोली का नाम भी अमर हो गया है। इनकी बहादुरी का जिक्र आते ही लोग कह उठते हैं:–

'जो जन्मा इस कालरी में,  
मर्द बड़ा हड़खाया,  
गोला बांट्या गोबर का,  
लजवाना गाम बरोबार का।'

(दै. ट्रि. से साभार)



क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण है और समर्थों का भूषण है। –महाभारत

# कवि की नजर में जाट इतिहास

– मा. दयानंद मलिक

रै तुम सुनते जाइयो इन जाटां का इतिहास।टेक।
जाट अत्यंत प्राचीन शब्द है कोए नया नहीं।
आदि सृष्टि से वर्णन मिलता छुपाया गया नहीं।।
अद्भुत वीरता से दुनिया जीती जितने से जाट कहलाता है।
जेटा, गेटा, गाथ, किते युचि, युति, बोला जाता है।।
शंकर भगवान के नामां में जट नाम भी आता है।।
शिव की जटा से उत्पन्न जाट बताते पर है बकवास।

रै तुम सुनते जाईयों इन जाटों का इतिहास।। (1)
शिवजी आगै पार्वती न एक दिन यु सवाल किया।
जाट जाति के बारे में आज तलक ना जांण लिया।।
माता–पिता कौन इनके किस काल में जन्मे पिया।।
इतनी सुन शिवजी बोले जट महाबली अत्यंत वीर्यवान हैं।
सबसे पहले पृथ्वी पै शासन करने वाले इंसान हैं।।
प्रचण्ड पराक्रमी दृढ़ प्रतिज्ञा वाले ये देवों के समान हैं।।
देव संहिता के ये श्लोक कराते हैं प्राचीनता का आभास। (2)

सम्राट ययाति के पुत्र यदु जिस तैं यदु वंश चला।
यदु से जदु, जद, जत और शब्द जट निकला।।
जट से जाट बणया है यूं बहुतों का मत मिला।।
मथुरा छोड़ कृष्ण ने जब द्वारिका बसाया था।
वहां एक संघ बनाया जो ज्ञाति संघ कहलाया था।।
ज्ञाति से जाति, जात से जाट कहैं बनता आया था।।
सम्राट उशना याट तैं भी जाट जचांण का है प्रयास। (3)

महर्षि पाणिनी ने व्याकरण रची नाम अष्टाध्यायी है।
उसके भवादिगण में एक परस्मैपदी धातु दर्शायी है।।
जट झट संघाते समूह के लिए लिखित पाई है।।
जट शब्द का अर्थ इकट्ठा लिखित खूब बची है।
दूसरा रूप जाट दोनों शब्द एकार्थ वाची है।।
जट से जाट सहज बर्ण न्यू जचती या साची है।।
क्षत्रियों बटे समूह जाट कहलाए इसके मुताबिक है पास। (4)

राम और कृष्ण को भी इतिहास ने बताया जाट।
युधिष्ठर से हर्षवर्धन तक जाट होए खूब राजे सम्राट।।
आगै प्रभुत्व कुछ कम होग्या फिर भी ना रहे घाट।।
अशोक, कनिष्क, यशेधर्मा ये जितने रहा फलवा।
समुंद्रगुप्त, भोज, बिक्रमा, आल्हा, उधल, हरिसिंह नलवा।।
रणजीत, प्रताप, शिवाजी संग जाट ताना दू रलवा।।।
शिवाजी की कैद छुटाई और पाई लड़ाई में शाबास। (5)

एक ऐसा ईसा से पहले हुए चार सौ चौरासी साल।
युनान में जाट लड़े हैरोडोटस लिखते हैं हाल।।
स्ट्रैबो के अनुसार रूप में भी जाट थे माला माल।।।
एक शक्तिशाली जाट सम्राट अत्तीला योद्धा भारा था।
रूस का थियोडिसियश शाह जाटों से लड़ा हारा था।।
अपनी पोती हारनिया का डोला दे काम समारा था।।।
इस प्रकार संबंध बणा भूप न लिया सुख का सांस। (6)

इटली पै राज करया थियोडेरिक ने तेतीस साल।
जाटों के कब्जे में रहे स्पेन और पुर्तगाल।।
जटलैण्ड, स्काटलैण्ड और संकधनाभ का यूहे हाल।।।
रसिया, प्रशिया रहे अपने और अपना ही अफगानिस्तान।
आस्ट्रीया, पोलैण्ड, हंगरी, ग्रीक, सीरिया, मिश्र, युनान।।
साईबेरिया, चीन, तिब्बत, अरब, ईरानी तुर्कीस्तान।।।
इंग्लैंड, जर्मनी पै भी राज करया लिखते हैं शिवदास। (7)

ईरान के खंडहर सोदे उनमें पाए गए निशान।
सिक्कां ऊपर चित्र मिले सीता, राम, हनुमान।।
रिसाल सिंह न्यारा सै देख साची लियो मान।।।
ईरान का एक प्रांत जाटाली है बहुत बड़ा।
जाटों ने बसाया इसलिए जाटाली नाम पड़ा।।
युक्रेन और बुशहर में जाटों का अब भी है खूब धड़ा।।।
उनकी शक्ल–सूरत मिलती और मिलता है लिबासा। (8)

अरब में भी जाट बसते थे सज्जनों कई हजार।
मुहमद साहब का था जाटं गेल्या विशेष प्यार।।
अलि के खजाने के तो जाट ही थे पहरेदार।।।
साहब की पत्नी बीमार होई रोग की ना जाण पाटी।
सारे जगत का पेट भरणिया माटी गेल्या होकै माटी।।
बख्त पड़े पै रण में कूदे और आयशा की बीमारी काटी।।।
उन पाछली वार्ता न सुण कै होता घणां उल्लास। (9)

मकदुनिया का सिकंदर जब दुनिया जीतण चाल्या था।
पंजाब में पौरूष तैं आ टकराया हाथ खामखा घल्या था।
आखिरकार संधि करके आगै चलना साल्या था।।।
ब्याल तैं उरली तरफ बसै थी यौद्धे जाटां की मजबूत खाप।
उनकी वीरता सुन कै बची–खुची सेना गई कांप।।
सिकंदर ने तांण मार लिया सैनिक देगे जवाब साफ।।।
जाटां तै डरदा उल्टा हो लिया पार ना कर सका नदी ब्यास। (10)

सिकंदर ने उस वक्ता कहा था जाटां तै मत फहो।
पाइरस, सीजर डरते बोले इनका मुकाबला न हो।।
जैरोम न सींग बताए और कहा बच के दूर रहो।।।
रोज सुनते आवां सां बता कौन समझे बिन खोले।
जाटों की वीरता देख समसामु द्दौला शाह न्यूं बोले।।
जाट मरया जब जाणिये जब तेहरामी हो ले।।।
या कहावत उसकी चाली आवै गए बीत हजारों मास। (11)

नदिरशाह और अब्दाली के मुख से निडर कहाया था।
मदन मोहन मालवीय न राष्ट्र की रीढ़ बताया था।
स्वामी दयानंद ने सर्वप्रथम जाटों को ही अपनाया था।।।
तमिल भाषा के मणि मेखला ग्रंथ में जाट क्षत्री लिखा पाया है।
बोध ग्रंथों ने भी जाटों की विशेषता को गया है।।
एक अंग्रेज योद्धा यांग न भी इनका खरापण जचाया है।।।
थूसिडाईडस कहग्या दुनिया जीत लें होज्या जाटां का एकलास। (12)

स्पेन के सम्राट का पोता एक अलवारी हुआ।
बहुत सी लड़ाई लड़ी तकड़ा योद्धा भारी हुआ।।।



कोकिला का रूप स्वर होता है, स्त्री का रूप पतिव्रत धर्म है, कुरूप मानव का रूप विद्या है, और तपस्वियों का रूप क्षमा है। –चाणक्य

जाट जाति में जन्म लिया न्यू ईवूबर का आभारी हुआ।।।
पुष्कर जाट सभा में भरतपुर नरेश बोले हो खड़े।
म्हारी जाति की वीरता के इतिहास भरे पड़े।।
कौम खातिर दी कुर्बानी और धर्म पर रहे अड़े।।
म्हारी यश पताका रहै फहराती जग में या मेरी अरदास। (13)

सम्राट हर्ष के जमाने में एक नई बात बणीं।
उनके विचार से 643 में सर्वखाप पंचायत बणी।।
उसका इतना असर हुआ म्हारी संगठित जात बणीं।।।
उस दिन पाछैं पंचायत का खूब काम करया मिलै।
जितना भी होया उसका सारा रिकॉर्ड भरया मिलै।।
जिला मुज्जफर नगर के शोरम गाम में कबूलसिंह कै धरया मिलै।।।
इतना पुराना रिकार्ड गामां में ना और मिलन की आस। (14)

पंचायत धोरै बख्त पड़े पै हथियार जवान ना थोड़े थे।
जो किसे न भी ना थापा करते उनके मुंह मोड़े थे।।
अत्याचारियों के दांत तो जाटां न ही तोड़े थे।।।
अंग्रेजों की भी टक्कर ली जब भी पड़ी थी लोड़।
1857 के गदर में वीरता दिखाई बे जोड़।।
गदर की समाप्ति पै प्रसिद्ध माणस टोह के ठोड़–ठोड़।।।
जन्म के विधन करे अंग्रेजां न मनचाहे दिए त्रास। (15)

जाटां और रजपूतां न अकबर तो ले कै चाल्या साथ।
ओरंगजेब न घाट ना घाली जड़ै तक गड़े हाथ।।
एकता के बलबूते पर अपनी ऊपर राखी बात।।।
राजा, भजा, नाहर सिंह और चुड़ामण युग निर्माता जोर का।
पुहुए सिंह का नाम जाटां में रजपूता में दुर्गादास राठौर का।।
गोकला, सिंघा का बलिदान सुन कै भी दिल कांपजा और का।।।
जिनके काटे हाड कुहाड़ां तै जनता रोई देख हताश। (16)

जाट लालच में आए कोन्या रहे सही दिल न डाट।
निर्धनता और भय की इनके ना कदे लागी आट।।
अकबर बरगे बादशाह ने भी डोले तैं गए थे नाट।।।
जाटां की बहु–बेटियां न भी ना दिखाई कमजोरी।
तोमरिस, लक्ष्मी और लड़ी जवाहर सिंह की माता किशोरी।।
डाकुओं का सफाया करगी जालिम सिंह की अकेली छोरी।।।
ऋषि पद भी पाया और धर्म तो छुग्या कति आकाश (17)

राजस्थान के जोधपुर में एक है अकोदा गाम।
उमें फगोड़चा गोत का जाट हुआ हर्षराम।।
उसने एक कुआं बनवाया जिसमें है अचंभे का काम।।।
पाथर के ढोल बनाए चार–दस हाथ लंबाई गोलाई है।
एक हाथ का चौड़ा रद्दा कितनी कठिन घड़ाई है।।
सोला उपरातली जचा कै कुए की नाल बनाई है।।।
दूसरा अचम्भा नैणां के शहतीर का बिरला सकै उकास। (18)

पूरणमल की गेल्या मोसी न खूब लाए हाथ।
कांकर बोई ज्वार मोसी न खूब लाए हाथ।
नरवर गढ़ में बहांण बणा सुलतान न जा भरया भात।।।
जाट कवि भतेरे होंगे भजन बणाए तड़क–भड़क।
आजादी खातिर भी प्रेरित करग्या पृथ्वी सिंह बेधड़क।।
कवि सम्राट चौ. ईश्वर सिंह, न तो क्यांहे में छोड़ी रड़क।।।
मूर्ख सोला दुनी आठ बता जाट का सहम करैं उपहास। (19)

सूरजमल और जवाहर सिंह ने जाटां की खूब बनाई, साख।
पुष्कर और आगरे में मनचाही कर जमा ली धाक।।
फेर दिल्ली पै चढ़ाई करी जाट वीरों न लाकै ताक।।।
लाल किले का दरवाजा टूटा कोन्या जो था भाले जड़ा।
आदमी की भेंट मांगी पुष्कर सिंह हुआ खड़ा।।
हाथी की टक्कर छाती पै ओटी टूट दरवाजा दूर पड़ा।।।
देश–धर्म हित पर मरणियां का हो स्वर्ग में बास। (20)

भारतवासी काशी न सब तैं ऊचा मानै धाम।
उसमें विश्वनाथ मंदिर जिस पै चांदी का काम।।
लाख रुपया रणजीत न लाया सारी काशी लेती नाम।।।
युधिष्ठिर के कोहिनूर हीरे की सुणी होगी बात।
अफगाना कै हाथ आग्या खुश होकै लेगे साथ।।
रणजीत सिंह फेर ले आया देखो उसकी औकात।।।
तसीलदार के कारण राजा ने लजवाना तोड़न की साहली।
चौगिरदे के गाम पड़े टूट कैं छः महीने लड़ाई चाली।।
आखिर अंग्रेजां की मदद लेकै लजवाना करवाया खाली।।।
भूरा–निघाईया दोनों दे के विश्वास बुलाए गए।
दादा गिरधर मलिक कै पेश करने जुम्मे लाए गए।।
फेर अंग्रेजां की दाब पड़गी फांसी पै लटकाए गए।।।
हाथ तलक ना लागण दी उन वीरां की ल्हास। (22)

अंग्रेजां की तरफ तैं जर्मन के विरूद्ध चौदा में लड़ाई लड़ी।
फ्रांस की धरती पै छः जाट वीरता दिखाई बड़ी।।
जर्मन सेना इतनी भयभीत होगी योरूप में चर्चा छिड़ी।।।
बासठ में पांच जाट न लद्दाख मोर्चा इसा थाम लिया।
चीनी सेना को सहजे सीमा में ना घूसने दिया।।
पैंसठ में तीन जाट ने ऐसा अद्भूत काम किया।।।
अमेरिका के पैंटन टैंक तोड़ दिए जिन पै था पक्का विश्वास। (23)

आजादी के दीवाने घबराए कोन्या बांध गए मर्याद।
फांसी के तख्ते पर भी चढ़ बोले इंकलाब जिंदाबाद।।
राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह ने दुनिया करती रहैगी याद।।।
हर किशन, वैशाख, अजीत, रामसिंह और करतार।
रामजीलाल ने भेद ना खोला मार–पीट पुलस ली थी हार।
उधम सिंह प्रण का पक्का लंदन जा डायर दिया था मार।।।
आई.एन. में भी जाट घणें थे जिसके निर्माता सुभाष। (24)

फूल सिंह भगत और दादा घांसी का भी खूब चालै नाम।
सेठां में तपग्या अलखपरिया दानवीर छाजूराम।।
कदे भी ना भुलाएं जां चौ. छोटूराम के करे काम।।।
चरणसिंह की नीति का तो सारे लोग जाणैं हाल।
हरियाणे में विकास कार्य खूब करग्या बंसीलाल।।
देवीलाल का कहणां ही क्या कर दिखाए नए कमाल।।।
बूढा पेंशन, कर्जा माफी न कहैं थे ना होंण की गुंजाइश। (25)

इस मत की ना पुष्टि होती कि रजपूतों से बणें जाट।
पाछै रजपूत शब्द ना मिलता जिस तै जा मालूम पाट।।
सातवीं सदी पाछै प्रकाश में आई जाति ले रूप विराट।।।
अहीर, गुज्जर, रजपूत, जाट, मराठे सब का एक निकास। (26)

जाटां के गोत गिणां दू लगभग 5 हजार हैं।
कोए सा ना छोटा बड़ा सारे एकसार हैं।।



क्षमावान लोगों के लिए यह लोक है। क्षमावान के लिए परलोक है। क्षयशील मनुष्य इस संसार में सम्मान और परलोक में उत्तम गति पाते हैं। –महाभारत

रोटी–बेटी, लेण–देण सबके एक व्यवहार हैं।।।
जुणसे गोत छोड़े उनका भेद बता दूं सारा।
दादी–नानी तक का और जिनी गेल्यां भाई चारा।।
उस मौसी का भी गोत छोडै जो बाप दूसरा ब्याह करवारा।।।
इतने गोत छोड़ण की म्हारी न्यारी विशेषता है खास। (27)

किते भी किसे जात की करी ना बुराई गई।
उर दिन तैं जाटां की वीरता ही गाई गई।।
प्रमाणित बात सारी कोए झूठा ना मिलाई गई।।।
भाई–चारा खूब बताया सब न तमाम मलिकां का।
जिला जींद के ग्राम गतौली में सुणा हो नाम मलिकां का।।
कई गोतां के होते हुए भी बाजै गाम मलिकां का।।।
मास्टर दयानंद मलिक न भजन बणाया करके घणीं ख्यास।
नशे ते संभल जाओ जाट कौम, हो रहा थारा सत्यानाश। (28)

---

# आंतकवाद की लड़ाई में संयम–एक विडम्बना

***राजननीतिक लाभ हेतु सैनिकों पर दबाव बनाना अनुचित***

**fcxfM;j ,u-,y- oekZ**

सेना जब जंग में जाती है तब उसको दुश्मन की पहचान होती है। उसके हथियार व व्यूहरचना के बारे में सैनिक को मालूम होता है। कि वह दुश्मन के साथ लड़ने उसी की ताकत के साथ जाता है। सैनिक ^,d xksyh&,d nq'eu* के नियम से ही लड़ता है तथा इसमें मानव अधिकर का कोई उल्लंघन नहीं माना जाता है।

आंतकवाद में सैनिक को यह मालम नहीं होता कि आंतकी कौन है, उसके पास क्या हथियार है तथा वह क्या रणनीति इस्तेमाल करेगा। उसको यह भी मालूम नहीं होता कि आंतकी अपने देश का नागरिक है या विदेशी। आजकल की आंतक लड़ाई में आत्मघाती कोई मासूम दिखने वाला बच्चा या कोई स्त्री भी हो सकती है। उनके हथियार व बम दिखाई नहीं देते। ऐसे हालात में एक सैनिक को अपने हथियार के ट्रेगर पर अंगुली रखनी पड़ती है। उस पर हमले की हमेशा आंशका बनी रहती है। अगर वह आंतकी के हावभाव या कोई हरकत को पहचानने में असफल रहता है तो उसको प्राण गवांना पड़ सकता है। उसे मालूम होता है कि उसके शहीद होने पर उसकी पत्नी व बच्चे को अकेले जीवन में मुसीबतें झेलनी पड़ेगी। सरकार व जनता शहीद के दाह संस्कार के बाद, उसे भूल जाती है। इन हालातों में उस पर मानसिक तनाव बहुत ज्यादा होता है। कभी–कभी वह अनजाने में किसी भी शक पर गोली चला सकता है। इसके विरोध में कश्मीर में अलगाववादी जनता को सड़क पर ले आते है और सरकार पर दबाव बनाकर सैनिको पर कार्यवाही कराने की कोशिश करते हैं आजतक सरकार ने इन अलगाववादियों के दबाव में आकर सैनिकों को मोहरा नहीं बनाया लेकिन बड़े दुःख के साथ लिखना पड़ रहा है जो सरकार सैनिकों के नाम की दिनरात दुहाई दे रही है, उसी सरकार ने गत माह कश्मीर में दबाव बनाकर अधिकरियों से एक घटना पर खेद जतवाया।

गत नवम्बर में अनन्तनांग की एक सैनिक पास्ट पर दो युवकों को रूकने को कहा गया। उन्होंने सैनिकों की चेतावनी की अनदेखी करके कार में भागने की कोशिश की। उस समय के हालात की पूरी जानकारी नहीं है कि किन हालात में सैनिकों को इन युवकों पर गोली चलानी पड़ी। इस घटना पर अलगाव वादियों ने घाटी में जनता को सड़क पर आने को उकसाया। ऐसा हर घटना पर हमेशा होता आया है। लेकिन इस बार चुनाव की वजह से केन्द्र सरकार ने सेना के अधिकरियों पर दबाव बनाकर उनसे खेद जतवाया तथा ऐसी घटना रोकने के आदेश जारी किये। आर्मी व कोर कमाण्डर ने सैनिकों को लिखित आदेश जारी किये कि आंतकवाद की लड़ाई में सेयम, सावधानी व पारदर्शिता बरती जाये। उन सैनिकों को वहां से हटाकर उन पर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई। इस पर सैनिकों के मनोबल पर बहुत बुरा असर पड़ा है।

कुछ दिन पहले 6 खुंखार पाकिस्तानी आंतकवादियों ने उरी में सैनिक अड्डे पर हमला किया था। आंतकी कैम्प में कार से आये। गेट पर सन्तरी ने रूकने को कहा लेकिन आंतकी अनसुनी करके कैम्प में घुस गये। सन्तरी ने ऊपर दिये गये लिखित आदेश की वजह से गोली नहीं चलाई जिस कारण वे आंतकी कैम्प में घुसने में सफल रहे। आंतकियों की इस कार्यवाही में 11 सैनिक जिनमें एक कर्नल रैंक का अधिकारी भी शामिल था, शहीद हो गये। आंतकी कैम्प के बंकरों में घुस गये। पैरा कमाण्डरों को बुलाकर उन आंतकियों का सफाया करवाया गया। उस कैम्प में सेना का गोला बारूद भी बताया जा रहा है। अगर आंतकियों का इस पर कब्जा हो जाता तो आप सोच सकते हैं क्या होता?

हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने श्रीनगगर की एक चुनाव रैली में कहा कि देश में पहली दफा अनन्तनाग की घटना पर सेना ने अपनी गलती स्वीकार की तथा सैनिकों पर कार्यवाही की गई। सेना के अधिकरियों ने गलती स्वीकार करते हुए खेद भी जताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा पिछले 30 सालों में पहली दफा हुआ है। उन्होंने कहा, ß;s eknh ljdkj dk deky gSA ;s ejs ud bjknks dk lcwr gSAÞ

मुझे बड़े खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि देश के प्रधानमंत्री ऐसा भाषण देते हैं जिससे सैनिकों का मनोबल गिरता है जिससे सैनिक आगे ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करेगा, ताकि जिससे उस पर कोई कार्यवाही हो चाहे आंतकी हमले का कितना भी भंयकर दुष्परिणाम हो। उरी में सैनिक कैम्प पर आंतकी हमला इसका ज्वलंत उदाहरण है। यह सच है कि आज तक किसी भी सरकार ने सेना पर दबाव बना कर खेद नहीं जतवाया।

नेताओं को मालूम होना चाहिये कि उच्च सैनिक अधिकारीयों का खेद प्रकट करने से उनके नीचे सैनिकों के मनोबल को गिराने के साथ–साथ उन अधिकरियों की छवि भी खराब होती है। नेताओं को खेद जताने की आदत है जिसका जनता पर काई असर नहीं पड़ता। एक मंत्री का सांसद में खेद प्रकट करने की घटना इसका सबूत है लेकिन सैनिक देश की एकता व अखण्डता कायम रखने में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। वे अपने प्रण न्यौछावर करते है फिर राजनैतिक फायदे के लिये उनको मोहरा नहीं बनाना चाहिये। इसी में देश का हित है। पिछले 30 वर्षों में कोई खेद नहीं जताया गया। इसका मतलब यह नहीं है कि जिन सैनिकों ने कानून हाथ में लिया, उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई। दबाव डालकर प्रधानमंत्री द्वारा खेद जतवाना सिर्फ राजनैतिक फायदे के लिये किया गया। लेकिन इसके बड़े बुरे परिणाम भी हो सकते है।

**tul[;k dk vk/kkj ij lgh ugha**

दीपेन्द्र हुड्डा

कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सेना में जवानों की भर्ती के लिए केन्द्र सरकार द्वारा तय की गए नियमों के विरूद्ध संसद में आवाज उठाई। उन्होंने जनसंख्या के आधार पर राज्यों में सेना की भर्ती करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे बदलने की मांग की।



मेरे लिए वर्तमान ही सब कुछ है। भविष्य की चिंता हमें कायर बना देती है, भूत का भार हमारी कमर तोड़ देता है। –प्रेमचंद

## Organises on the Spot Poster Making Competition on 24-11-2015

### For School Going students

On the spot poster making competition will be organised by **JAT SABHA CHANDIGARH** for school going students on 24th November, 2015 at 10.00 a.m in the premises at **JAT BHAWAN, 2-B, SECTOR 27-A, MADHYA MARG, CHANDIGARH.**

The aim of this competition is to inculcate creative spirit among the children and polish the existing potential among them. To widen the scope of talent search in this field and give incentives to the deserving children, it has been decided to classify all the students into three categories :-

| | |
|---|---|
| Category A | Class III to V |
| Category B | Class VI to VIII |
| Category C | Class IX to XII |

The topic of the poster making competition will be uses and abuses of internet (इन्दरनेट का उपयोग और दुरूपयोग।). The duration of the competition will be one hour only.

For each category there will be prizes of Rs. 2100/-, 1500/- and Rs. 1100/- and two consolation prizes of Rs. 500/- each.

The entries for the competition may be sent to **JAT BHAWAN, 2-B, SECTOR 27-A, MADHYA MARG, CHANDIGARH-160019** by post or personally by 20 November, 2015 upto 5.00 p.m. The entry fee is Rs. 10/- per participant.

**The terms and conditions of the Competition are as follows :-**

1. The participants must bring their identity cards or the identity slips along with attested photograph issued by the Head of the institution for eligibility in the competition.
2. The participants should bring their own drawing material and cardbord. Only drawing sheets will be given by the competition organizers.
3. The judgement of the chairman of the competition will be final and binding on all.
4. The result will be announced on the same day. Each participant will be given the participant certificate and a small gift on 24 January, 2015 on the occasion of Basant Panchami & Deen Bandhu Sir Chhotu Ram birthday.

Further enquiries, may be made on telephone Nos. 0172-2654932, 2641127 or personally from the, Jat Sabha, **JAT BHAWAN, 2-B, SECTOR 27-A, MADHYA MARG, CHANDIGARH-160019.**


सम्पादक मंडल

**संरक्षक** : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
**सम्पादक** : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
**सह–सम्पादक** : डा॰ राजवन्तीमान
**साज सज्जा एवं आमुख** : श्री आर. के. मलिक
**प्रकाशन समिति** : श्री बी.एस. गिल, मो॰ : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो॰ : 9416282798
**वितरक** : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

**जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़**
**फोन : 0172–2654932 फैक्स : 0172–2641127**
Email : jat_sabha@yahoo.com

Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017

**RNI No. CHABIL/2000/3469**

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2-बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27-ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया ।